CMYK

तापमान अधिकतम :36°C न्यूनतम: 22°C
79,801.43
24,246.70
सोना 98,900
चांदी 1,00,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का आ गया है समय



मधुबनी, वार्ता

■ कहा : आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए गुरुवार को कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

## सर्वदलीय बैठक में मोदी के साथ एकसुर हुआ पूरा विपक्ष

■ सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने चूक स्वीकार की
■ राहुल बोले- विपक्ष का केंद्र सरकार के हर एक्शन को समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने यह बात मानी है। गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। गुरुवार की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना कि चूक हुई। उन्होंने कहा कि अगर कुछ नहीं हुआ होता, तो हम यहां क्यों बैठे होते। बैठक में सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इंटेलिजेंस फेलियर और वहां पर प्रॉपर -शेष पृष्ठ दो पर

### पर्यटकों के हत्यारे आतंकियों पर 20 लाख का इनाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के निवासी आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने इन फरार आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें हमले पर चर्चा की गई।



### पाकिस्तान से इजरायल जैसा बदला ले भारत: माइकिल रुबिन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### भारत पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम आज

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार (आज) को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-यूपीएमएसपी-ईडीयू-इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूड ब्ल्यू-रिजल्ट्स-डिजीलॉकर-जीओवी-इन पर देखा जा सकता है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-केवल तीन तलाक पर रोक

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

### उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6 व 7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा।

## शिमला समझौता स्थगित करने की पाकिस्तान ने दी धमकी

इस्लामाबाद, वार्ता

■ कहा: अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर जंग की तरह माना जाएगा

**पहलगाम हमले** के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। मीटिंग में पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उधर भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ पर्सोना नॉन ग्राटा का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। पर्सोना नॉन ग्राटा का मतलब अवांछनीय व्यक्ति है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमेटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। आईएनएस आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डाक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया।

## अटारी बॉर्डर पर पाक के साथ सभी रस्म खत्म

■ न खोले जाएंगे गेट और न होगी कोई सेरेमनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव का माहौल बन गया है। भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने भी कई फैसले लिए। इसके बाद भारत ने अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान के साथ सभी रस्म को खत्म करने का ऐलान किया।

अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट परेड के दौरान भारत की तरफ के गेट नहीं खोले जाएंगे और ना ही पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की सेरेमनी होगी। एक और शांति और दूसरी तरफ उकसाने के लिए इस तरह की आतंकी हरकतें एक साथ नहीं चल सकती। अटारी बॉर्डर, हुसैनीवाला बॉर्डर और सदकी बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म के दौरान ना तो गेट खोले जाएंगे और ना ही झंडा उतारने के बाद पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की रस्म होगी।

### गलती से सीमा पार करने वाला BSF का जवान पाक हिरासत में

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को गलती से सीमा पार चला गया, जहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार इस जवान को वापस लाने के लिए पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ फ्लैग मीटिंग हुई। दोनों देशों की सीमाओं पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं जब जवान गलती से दूसरे देश की सीमा में प्रवेश कर गए थे।

## पाक का कॉपी-पेस्ट एक्शन

इस्लामाबाद, वार्ता

■ पाक ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम की, 30 तक भारतीय राजनयिकों को लौटना होगा

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत के एक्शन पर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला किया है। एनएससी की बैठक के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान पर एकतरफा कार्रवाई की है।

भारत की यह कार्रवाई गैरकानूनी है। भारत ने हमारे खिलाफ जो एक्शन लिया है, हमने उसका एक-एक कर जवाब दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम कर दी है। 30 अप्रैल तक भारतीय राजनयिकों को यहां से लौटना होगा। भारत के लिए एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, हम भी बाघा बॉर्डर बंद कर रहे हैं। पाक ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि हम भी समझौतों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पांच नक्सली ढेर

■ 100 से अधिक सुरंगों को किया निष्क्रिय

**बीजापुर/बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है।

अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर इकाइयों सहित कई बलों के लगभग 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## कश्मीरी छात्रों के लिए दून पुलिस पूरी तरह सतर्क

मयूर गुप्ता

■ एसएसपी ने दिए विशेष निर्देश
■ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत



**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना के बाद देहरादून में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत एवं अध्ययनरत कश्मीरी छात्रों के सतत संपर्क में रहें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वर्तमान में देहरादून जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जनपद पुलिस द्वारा इन सभी छात्रों का विवरण प्राप्त कर उनका सत्यापन पहले ही किया जा चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बिधौली चौकी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित पक्षों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी चिंता की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही छात्रों को भरोसे में लेकर उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ऐसे सभी स्थान जहां कश्मीरी छात्र-छात्राएं निवासरत हैं, वहां अतिरिक्त पीएसी बल की तैनाती की गई है, जो निरंतर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट्स पर जनपद की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 25 आपत्तिजनक पोस्ट्स को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया गया है। साथ ही, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ भाषण के एक मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ 'हेट स्पीच' और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस हर स्थिति में सतर्क व तैयार है।

nirf RANKED AMONG TOP 50 UNIVERSITIES IN INDIA Ranking 2024
THE World University Rankings 2025 RANKED 7TH IN INDIA
UPES UNIVERSITY OF TOMORROW

100+ UG, PG and PhD Programs in
Engineering | Computer Science | Business | Law
Design | Health Sciences | Liberal Studies and Media

- B.Tech.
- B.Sc. (Hons.)
- MBA
- BA (Hons.)
- BBA
- BA
- LL.B.
- B.Com.
- B.Des.
- BCA
- B.Pharm.
- M.Tech.

and more...

#1 IN ACADEMIC REPUTATION*
LIFETIME PLACEMENT^
START-UP SUPPORT
46 FACULTY AMONG TOP 2% RESEARCHERS GLOBALLY**

25% fee concession for bonafide Uttarakhand students^
LAST DATE TO APPLY APRIL 28, 2025
Unlock Tomorrow!

UPES Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10 am to 7 pm)

^T&C apply *Among private universities in India by QS World Rankings 2025 **As per Stanford University List

# रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह

## पहलगांव की आतंकी घटना पर अपनी मार्मिक संवेदनाएं की व्यक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह का आयोजन रेंजर्स समिति डा. पायल शर्मा प्रभारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष, डा. अर्चना कुन्तल सदस्य, संस्कृत विभाग एवं श्रीमती मीनू शर्मा सदस्य, गृहविज्ञान विभाग द्वारा किया गया। जिसमें प्रशिक्षिका पुष्पा चौहान ने छात्राओं को विविध प्रकार की जानकारी दी एवं प्रैक्टिकल द्वारा जीवन में आने वाली विविध परिस्थितियों हेतु तैयार किया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय की व्यस्थापिका श्रीमती रेणु गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, प्रशिक्षिका पुष्पा चौहान एवं रेंजर्स समिति द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। अतिथियों को पुष्पघट प्रदान कर स्वागत व सम्मानित किया गया। डा. पायल शर्मा ने 'गुरवाणी' के माध्यम से सर्वधर्म सद्‌भावना का सन्देश दिया एवं पहलगांव की घटना पर अपनी मार्मिक संवेदनाएं व्यक्त की। तत्पश्चात् कु. काव्या शर्मा, कु. सिमरन, कु. नन्दनी, कु. शिफा ने अच्छे है भाग्य हमारे स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कु. सिमरन, काव्या ने अच्युत केशवं भजन की सुन्दर प्रस्तुति दी। कु. शिफा जैदी की टीम ने है प्रीत जहां की रीत सदा गीत प्रस्तुत कर अपनी भारतीय सभ्यता को प्रदर्शित किया। कु. ऋतिका शर्मा ने आरम्भ है प्रचण्ड की सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शक मण्डल का मनमोह लिया। समस्त तीनो टोली गुलाब, कनेर एवं कमल ने सामूहिक रूप से दगाबाज रे पर गायन एवं नृत्य के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुति दी। डा. अर्चना कुन्तल ने त्रिदिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की एवं तात्कालिक पहलगांव घटना पर अपनी भावनायें व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध कवि सारस्वत मोहन मनीषी द्वारा रचित प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के अन्त में मुख्यातिथि श्रीमती रेणु गोयल ने छात्राओं के प्रशिक्षण की सराहना करते हुये अवगत ज्ञान को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने अपने उद्‌बोधन के माध्यम से छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए निरन्तर सीखते रहने की प्रेरणा दी एवं मनुष्य को मानवीय गुणो से युक्त होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीनू शर्मा द्वारा किया गया। समिति द्वारा तीनों टीम को पुरस्कार दिये गये एवं बेस्ट रेंजर्स का पुरस्कार कु. ऋतिका शर्मा को दिया गया एवं प्रशिक्षिका पुष्पा चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डा. अर्चना, डा. कनक चौहान, कु. नगमा परवीन, डा. रेशू शुक्ला, कु. रितु देवी, डा. मीनाक्षी सिंह, पूनम रानी, चन्द्रभान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हत्याकांड का खुलासा न होने तक मार्ग बंद

## आवागमन में हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** जनता को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कालागढ़ हत्याकांड में वन्यजीवों से ज्यादा वन विभाग के कर्मचारियों ने आतंक काट रखा है। कालागढ़ आने वाले पर्यटकों को कहीं भी रोककर खड़े हो जाते है। कहीं राहगीरों के बैरियर से रास्ते को बन्द कर देते है। कहीं रास्ते को वन्य जीवों का भय दिखाकर रास्ता बंद कर देते हैं। ऐसे ही 1960 से संचालित नई कालोनी से पुराना कालागढ़ सड़क को यह कहते हुए बन्द कर दिया गया कि पुराना कालागढ़ उत्तर प्रदेश से नई कालोनी उत्तराखंड को जाने वाले मार्ग में विशालकाय पेड़ डालकर मार्ग को वन विभाग ने बन्द कर दिया।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका कहना है कि इस मार्ग को राहगीरों की सुरक्षा के लिए एक अप्रैल को सुरक्षा बैरियर छह को बंद कर दिया गया था। बैरियर मार्ग को बंद हो जाने से बाहर के आने जाने वाले आम जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नई कालोनी कालागढ़ उत्तराखंड में प्रवेश के लिए सुरक्षा बैरियर मार्ग एक से रामगंगा बांध के प्रतिबंधित क्षेत्र से होकर केंद्रीय कॉलोनी, नई 1 कालोनी जाना पड़ रहा है। जबकि सार्वजनिक रूप से आवागमन के लिए 1960 के दशक से बैरियर संख्या छह स्थापित है। बैरियर के बंद हो जाने से इस मार्ग पर वन्यजीवों की चहल कदमी बढ़ने लगी है। पुराना कालागढ़ की आबादी के लिए खतरा हो सकती है। पुराना कालागढ़ बाजार के नीचे सूखासोत में लगातार बाघ, हिरण, नीलगाय, चीतल, सांभर आदि जीव सांझ ढलते ही नजर आने लगते हैं। जिसकी वजह से आसपास रहने वाले आबादी के लोग घरों में कैद होना पड़ता हैं। कालागढ़ में अत्यधिक संख्या में जानवर दिखाई दे रहे है। सुरक्षा बैरियर संख्या छह से जाने वाले मार्ग पर इन जीवों की उपस्थिति बनी हुई है। इस क्षेत्र में केंद्रीय कॉलोनी के संजय नगर से लापता भारत सिंह के रक्तरंजित कपड़े झाड़ियों से बरामद हुए थे। वहीं एक खोपड़ी कंकाल 33 केवीए बिजली घर के निकट से बरामद हुआ था। जबकि वन विभाग एसडीओ बिंदर पाल एंव कालागढ़ थानाध्यक्ष संजीव ममगांई का कहना है कि भारत सिंह की हत्या की आशंका जताई गई थी लेकिन अभी तक भारत सिंह की हत्या का खुलासा नहीं हो पाया हैं। जांच की वास्तविकता को सामने लाने के लिए पुराना कालागढ़ उत्तर प्रदेश से नई कालोनी उत्तराखंड में जाने वाले मार्ग को बंद कर रखा है। घटना की जाँच पुलिस जाँच अधिकारियों को सौपी गई थी। लेकिन अभी तक भारत सिंह हत्या कांड का खुलासा नहीं हुआ और न ही पुराने कालागढ़ से नई कालोनी जाने वाले मार्ग को खोला गया। देखना यह हैं कब तक हत्याकांड की जांच पूरी होगी। जब तक क्या पुलिस प्रशासन एंव वन विभाग मार्ग को बंद रखगें। इस सम्बंध में एसएसपी कोटद्वार से सम्पर्क करना चाहा, लेकिन किन्ही कारणों से सम्पर्क नहीं हो पाया।

# तालाब में लगी आग पर बामुश्किल पाया काबू



## पशु आग की चपेट में आने से बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव मुकर्रमपुर में तालाब में खड़े झाड़ फूस में आग लगने के दौरान हड़कंप मच गया। तालाब किनारे बंधे पशु आग चपेट में आने से बाल बाल बच गए। ग्रामीणों ने पशुओं के रस्से काटकर पशुओं को हटाया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने वामुश्किल आग पर काबू पाया।

गांव मुकर्रमपुर में स्थित तालाब के किनारे पड़ी एक कुड़ी में आग लगने के दौरान आग तालाब तक पहुंच गई। बताया जाता है कि तालाब में झाड़ फूस खड़ा हुआ हैं। आग तालाब के अंदर तक फैलने पर हड़कंप मच गया। आग ने विकराल रूप ले लिया। चारों ओर धुआं धुआं हो गया। तालाब किनारे रामकिशन व केशू के पशु बंधे हुए थे। जो आग की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह से पशुओं के रस्से काटते हुए वहां से पशुओं को हटाया। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। ग्रामीण मोनू कुमार, अजय, धर्मेंद्र, दीपक, लव कुश, सूरज, घासीराम, हरिओम, बिजेंदर, राजेंद्र आदि ने बताया कि तालाब में झाड़ फूस खड़े हुए हैं, जिसमे आग लगी थी। ग्रामीण ने तालाब की साफ सफाई की मांग की है।

# नहटौर में आतंकवाद का पुतला फूंका

## भाजपाईयों व व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोहल्ला पंचायती मंदिर से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तान के झंडे को फूंका गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह करीब 11:00 बजे नहटौर के मोहल्ला पंचायती मंदिर पास भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी लोग एकत्रित हुए। उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले को पाकिस्तान की कायरना हरकत बताते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। एजेंसी चौराहे पर आकर पाकिस्तान का झंडा फूंका गया। इसके अलावा नहटौर के हल्दौर चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं आतंकवाद का पुतला फूंका।

इस मौके पर सिद्धांत जैन, राकेश अग्रवाल, कपिल शर्मा, अंकुश अग्रवाल, विनीता शर्मा, उज्ज्वल अग्रवाल, संदीप जैन, नरेंद्र अग्रवाल, प्रशांत वर्मा, नितिन जैन, सौरभ जैन, विनीत गोयल, नवीन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, महावीर सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एमएससी का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी (प्रथम सेमेस्टर) रसायन विज्ञान विभाग के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंन्स एण्ड इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी बिजनौर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। रसायन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. पायल राठी ने बताया कि एमएससी (प्रथम सेमेस्टर) (रसायन) इशिता सिंह ने 74.4 % अंक प्राप्त कर प्रथम, रूपाली शर्मा ने 74 % अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा युक्ता चौहान ने 72.4 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है।

### राधा इंटर कालेज में टीकाकरण



**धामपुर।** राधा इंटर कालेज में विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान बच्चों का टीकाकरण किया गया एवं उन्हे टीकाकरण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। टीकाकरण के समय विद्यालय के प्रबन्धक रवि कुमार, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, सहायक अध्यापक अभिषेक कुमार व रामेश्वर सिंह रहे। टीकाकरण के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से आयी टिंकल रानी (एएनएम), गीता देवी (एलएचवी) व कुसुम देवी (आशा) के द्वारा टीकाकरण किया गया।

# इस्लामनगर में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस मनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** ग्राम इस्लामनगर के पंचायत घर मे रष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस मनाया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने कई स्थानों पर लाइट व्यवस्था को लेकर मुद्दा उठाया। वहीं कई ग्रामीणों ने पुराना बाजार की खंडित पड़ी सड़कों को बनवाने की मांग की, तो कही नालियों का निर्माण का ना होने से लेकर सफाई व्यवस्था की बात कही गई। राजेश कुमार समाजसेवी का कहना था कि पंचायत में मुँह देखकर काम किया जाता है। पिछले तीन प्रधानों ने पुराना कालागढ़ में कोई कार्य नहीं किया जबकि पूर्व शासन में की गई शिकायत के जवाब में विकास किये जाने की बात शासन में कबूल की थी कि विकास गली, सड़क, मौहल्ले का सभी स्थानों का किया जाएगा। कई ऐसे स्थान है जिसमें नाम के लिए काम किया गया, काम कहीं दिखाई नहीं देता है। वही ग्राम पंचायत अधिकारी इरफान अली ने समस्याओं का निस्तारण करते हुए सभी ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं भिक्कावाला ग्राम पंचायत घर ग्राम प्रधान गितेन्द्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्रा कशिश रानी ने किया टॉप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा बीएससी (नर्सिंग) तृतीय सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग बिजनौर के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग बिजनौर की प्राचार्या डा. सफिया खानम ने बताया कि बीएससी (नर्सिंग) तृतीय सेमेस्टर में कशिश रानी ने सर्वाधिक 74.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय टॉप किया, कृतिका चौहान ने 73.64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं खुशी शर्मा 71.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।

कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्ध निदेशक पवन कुमार, नर्सिंग विभागाध्यक्ष जय सिंह सोलंकी एवं समस्त अध्यापकों ने छात्र/छात्राओं को बधाई दी व भविष्य में इसी प्रकार सफलता अर्जित करने के लिए आशीर्वाद दिया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर टीकाकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्राथमिक विद्यालय ग्राम मंसूर सराय पित्थापुर में विश्व स्वास्थ्य दिवस टीकाकरण अभियान के तहत स्कूलों में टीडी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी ने फीता काटकर किया।

गुरुवार को सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डा.बीके स्नेही ने प्राथमिक विद्यालय ग्राम मंसूर सराय पित्थापुर में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत आज से सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में टीडी आधारित टीकाकरण अभियान शुरू हो गया। अधीक्षक डा.स्नेही ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत दस साल ओर सोलह साल के बच्चों को टीडी वैक्सीन का टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में 24 अप्रैल से दस मई तक चलाया जाएगा। डा. स्नेही ने बताया कि यह टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है। टिटनेस और डिप्थीरिया टीकाकरण एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है जो टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद करता है। इस दौरान हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, प्राथमिक विद्यालय मंसूर सराय स्कूल प्रधानाचार्य शबनम आरा, सपना सक्सेना, वंदना, छाया, अनीता, अंजलि आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकियों को...** कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। श्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढ़ेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं।

**सर्वदलीय बैठक...** सुरक्षा डेप्लॉयमेंट की बात उठाई। राहुल गांधी ने भी पूछा कि ऊपर जहां घटना हुई वहां सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, जिस पर सरकार का कहना था कि जनरली इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है। जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं, लेकिन इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया। जिस बात की जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर डेप्लायमेंट हर साल जून के महीने में अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले होता है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी। कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए। जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हम पानी कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। यह कोई राजनी. तिक मुद्दा नहीं है। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 मिनट का प्रजेंटेशन दिया।

## पाकिस्तान का पुतला दहन किया



**स्योहारा।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला कर 28 लोगों की हत्या करने के विरोध में हिन्दू संगठनों ने नगर में जुलूस निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला कर 28 लोगों की हत्या करने के विरोध में हिन्दू संगठनों ने नगर में जुलूस निकाल कर आरएसपी तिराहे पर पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाये गये। इस मौके पर मुकेश रस्तौगी, विकास तोमर, राजपाल प्रजा. पति, विपिन शर्मा, पीयूष रस्तौगी, सौरभ सैनी, अरविंद बाल्मीकि, सुरेश तोमर, अविनाश जोशी, आशु, देवेंद्र, सुरेंद्र जोशी, अमित शर्मा, शरणजीत जोशी, शैलेन्द्र, प्यारे लाल, देवेंद्र तोमर, सतीश प्रजापति, महेंद्र शर्मा, संजीव गर्ग आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( व.ख. )**
**महोदय रामपुर**
**वाद सं.**-379/2021
1. सुनीता सक्सेना आयु करीब 48 वर्ष पत्नी स्व. अजय कुमार सक्सेना
2. गौरव सक्सेना आयु करीब 21 वर्ष
3. शुभम सक्सेना पुत्रगण स्व. अजय कुमार सक्सेना निवासीगण नवीन नगर एम.डी.ए. कालोनी, जिला मुरादाबाद। **... वादीगण**
**बनाम**
1. श्रीमती अमीर बानो पत्नी अजमतुल्ला नि. -मौहल्ला भव्वलपुरी, कस्बा व तह. -टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)।
2. कृष्ण अवतार बालिग पुत्र ब्रहम्औतार नि. -मौहल्ला बालकराम तह.-नजीबाबाद, जिला बिजनौर (मृतक)
2/1. श्रीमती रचना वर्मा पत्नी स्व. कृष्ण अवतार
2/2. निकुंज कृष्ण (व्यस्क) पुत्र स्व. कृष्ण अवतार 2/3. कु. समृद्धि वर्मा (व्यस्क) पुत्री स्व. कृष्ण अवतार समस्त निवासीगण 18 मौहल्ला बालकराम तह. नजीबाबाद, जिला बिजनौर।
3. श्रीमती पूजा सक्सेना पत्नी स्व. सुशील सक्सेना
4. दिव्या सक्सेना (व्यस्क) पुत्री स्व. सुशील सक्सेना 5. खुशी सक्सेना (व्यस्क) पुत्री स्व. सुशील सक्सेना
6. वंश सक्सेना (मृतक)
समस्त निवासीगण भीमापुरी कस्बा व तह. टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)।
**.... विपक्षीगण**
**सूचना ( इश्तेहार मजरिया )**
वादीगण सुनीता सक्सेना आदि ने प्रस्तुत वाद विवादित सम्पत्ति स्थित चक सं.-19 मौहल्ला भीमापुरी तहसील टाण्डा, जिला रामपुर के उद्घोषणा हेतु उपरोक्त वाद में दिनांक 01.05. 2025 नियत है।
लिहाजा यह इश्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरखास्त पर उजर हो,
असालतन व वकालतनामा ववक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.), रामपुर बतारीख मुकर्रर हाजिर होकर अपना जवाब पेश करें। दर सूख इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का सुनाया जायेगा और हुक्म मुनासिक निस्वत दरखास्त मजकूर के सादिर होगा।
**दिनांक**-24.04.2025
**मुंसरिम न्यायालय**
**सिविल जज ( व.ख. ) रामपुर**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जजू ( व.ख. )**
**महोदय रामपुर**
**मूल वाद सं.**-378/2021
1. सुनीता सक्सेना आयु करीब 48 वर्ष पत्नी स्व. अजय कुमार सक्सेना
2. गौरव सक्सेना आयु करीब 21 वर्ष
3. शुभम सक्सेना पुत्रगण स्व. अजय कुमार सक्सेना निवासीगण नवीन नगर एम.डी.ए. कालोनी, जिला मुरादाबाद।
4. जहूर अहमद पुत्र अजीज अहमद नि. ग्राम हाजीपुरा, कस्बा व तहसील-टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)। **.... वादीगण**
**बनाम**
1. श्रीमती सरोज वाला पत्नी अर्जुन वर्मा नि.-मौहल्ला होली वाला तहसील हसनपुर, जिला अमरोहा (उ.प्र.)
2. कृष्ण अवतार बालिग पुत्र ब्रहम्औतार निवासी-मौहल्ला बालकराम तह. -नजीबाबाद, जिला बिजनौर (मृतक)
2/1. श्रीमती रचना वर्मा पत्नी स्व. कृष्ण अवतार
2/2. निकुंज कृष्ण (व्यस्क) पुत्र स्व. कृष्ण अवतार 2/3. कु. समृद्धि वर्मा (व्यस्क) पुत्री स्व. कृष्ण अवतार समस्त निवासीगण 18 मौहल्ला बालकराम तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।
3. श्रीमती पूजा सक्सेना पत्नी स्व. सुशील सक्सेना 4. दिव्या सक्सेना (व्यस्क) पुत्री स्व. सुशील सक्सेना 5. खुशी सक्सेना (व्यस्क) पुत्री स्व. सुशील सक्सेना 6. वंश सक्सेना (मृतक)
समस्त निवासीगण भीमापुरी कस्बा व तह. टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)।
7. आकाश सिन्हा आयु करीब 26 वर्ष पुत्र सूर्य प्रकाश सिन्हा निवासी-म.सं.-39 पुरानी आवास विकास कालोनी, एस.पी. कोठी के पीछे, तहसील सदर, जिला रामपुर।
**... विपक्षीगण**
**सुचना ( इश्तेहार मजरिया )**
वादीगण सुनीता सक्सेना आदि ने प्रस्तुत वाद विवादित सम्पत्ति स्थित चक सं.-19 मौहल्ला भीमापुरी तहसील टाण्डा, जिला रामपुर के उद्घोषणा हेतु उपरोक्त वाद में दिनांक 01.05. 2025 नियत है। लिहाजा यह इश्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरखास्त पर उजर हो, असालतन व वकालतनामा ववक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सीनियर डिवीजन), रामपुर बतारीख मुकर्रर हाजिर होकर अपना जवाब पेश करें। दर सूख इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का सुनाया जायेगा और हुक्म मुना. सिक निस्वत दरखास्त मजकूर के सादिर होगा। दिनांक 24.04.2025
**मुंसरिम न्यायालय**
**सिविल जज ( व.ख. ) रामपुर**

# शिक्षा में बेमिसाल है नैनीताल

## अनूठा वातावरण, स्वच्छ पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता से बना नैनीताल शिक्षा का हब



150 सालों से भी अधिक समय से चले आ रहे नैनीताल की स्कूली शिक्षा का कोई जवाब नहीं। जिसके चलते नगर के कई स्कूल देशभर की स्कूलिंग में टॉप टेन में स्थान बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा के कारण देश विदेश के बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं।

वर्तमान परिवेश में सामाजिक वातावरण बदला है तो शिक्षा का स्वरूप भी बदल गया है, जो वैश्विक स्तर पर की हो चली है। जिसके अनुरूप खुद को स्थापित कर पाना शिक्षण संस्थानों की मजबूरी हो चली है। इस वजह ने नैनीताल के स्कूलों को बदल डाला है। जिस कारण नगर के नामी स्कूल हाईटेक बन गए हैं। बोलचाल से लेकर खानपान और व्यवहार कुशलता ने यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की अलग पहचान बनादी है। बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा के चलते देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मान सम्मान के साथ स्थान दिया जाता है। दरअसल नैनीताल की आबोहवा ही कुछ ऐसी है, जो शिक्षण कार्य के अनुकूल है। यह कुदरत का ऐसा वरदान है, जो बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास में सहायक है तो स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल है। प्रदूषणमुक्त साफ सुथरा शांत वातावरण इस नगर को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के चुनिंदा स्थानों में शामिल करता है। अनूठा वातावरण, सुंदर पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता के कारण ही अंग्रेजों ने इस नगर को छोटी विलायत नाम दे डाला और शिक्षा का हब बना दिया। यहां अत्याधुनिक आवासीय विद्यालयों की भरमार है तो छोटे छोटे प्ले स्कूल नन्हे मनों को

समाजिक समरसता में ढालकर जीवन की डगर को आसान बनाते हैं। नैनीताल उत्तर भारत के अलावा पूर्वी प्रांतों की पहली पसंद है। इन प्रदेशों से हजारों की संख्या में प्रति वर्ष बच्चे इस नगर में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और भविष्य संवारते हैं।

प्रस्तुति :
दिग्विजय सिंह बिष्ट
अकांक्षी मेवाड़ी

### आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।

The Pine Crest Elementary School
Near Sherwood College, Ayarpatta Hills Tallital Nainital
Cont. No.: 05942-232245 7579435277 9837052521
www.pinecrestschoolnainital.com
schoolpinecrestnainital@gmailcom



RAMA MONTESSORI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
Will be offering you Comprehensive education from NURSERY TO CLASS 8th Join our legacy of Excellence and Holistic development.
Excellent Teacher Student Ratio
Computer classes
Taekwondo Classes
EMPOWERING YOUNG MINDS WITH QUALITY EDUCATION.
COME AND BE A PART OF OUR FAMILY. WHERE LEARNING MEETS EXCELLENCE AT
RAMA MONTESSORI SCHOOL NAINITAL
25 Years Completed
For more details Visit at our website
www.ramamontessori.com
Contact : 9759911893, 9760408506.
ADMISSION OPEN 2025-2026

### शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की बहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

### नए अवतार में सीआरएसटी इंटर कॉलेज



मनोज पांडे
प्रधानाचार्य



दीपा बिष्ट,
प्रधानाचार्य
जूनियर विंग।

वर्ष 1858 में स्थापित सीआरएसटी इंटर कॉलेज अब नए अवतार में नजर आएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय कक्षा छः से 12वीं तक सीनियर विंग के रूप मे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तो दूसरी ओर जूनियर विंग नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे मुन्नों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है। आधुनिक कक्षाएं व विज्ञान लैब के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम ने विद्यालय की कायाकल्प किया कर दिया गया है। साथ ही रंगों कीकलाकृति से सजी दीवारों ने विद्यालय की सूरत बदल डाली है। सीनियर विंग के प्रधानाचार्य मनोज पांडे कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा के दौर में खुद को स्थापित करने व विद्यालय के ऐतिहासिक गौरव को बरकरार रखने के लिए विद्यालय को आधुनिक रंग में ढालने का प्रयास किया गया है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से संचालित जूनियर विंग को इस सत्र से जोड़ा गया है। जूनियर विंग पूर्व में अमेरिकन किड्स के नाम से संचालित की जाती थी, अब सीआरएसटी जूनियर विंग के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। जुनियर विंग की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट कहती हैं कि बच्चों के बहुमुखी विकास को लेकर जीवन समर्पित किया है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से वह अपना दायित्व निभा रही हैं। जिसके फलस्वरूप उनका शैक्षणिक मार्ग अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय का कुशल प्रबंधन पदमश्री अनूप साह द्वारा किया जा रहा है।


CRST INTER COLLEGE
Reputed School of Nainital



ADMISSION OPEN 2025-26
SENIOR WING. Class VI to XII
JUNIOR WING. Class Nursery to V
Manoj Pande Principal Senior Wing.
Anup Sah Manager
Deepa Bisht Principal Junior Wing.
City's Play School American Kids Has Been Conveyed in CRST's Junior School Wing.




### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए.थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।

VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL
Under the aegis of C.L SAH Memorial Education Society. Regd. 88/2009.



The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.
The school has also introduced smart classes.
•PLAYWAY •PREPARATORY •ACTIVITY CENTER
Near Talllital Rickshaw Stand, Nainital

### VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL



Vrindavan Public School was established in 2009 under the aegis of C.L. Sah Memorial Education Society with the aim of fostering the holistic development of young learners. As a Playway and Preparatory School, it has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities.The school's clean, green, sunny and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, ensuring they develop into bright and confident individuals.This English-medium school is efficiently managed by a team of dedicated staff members under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah. She emphasizes the school's commitment to providing the best possible atmosphere for the all-round development of her beloved students. The school has also introduced smart classes and projectors, enhancing engagement and making learning more interactive for young minds. These advancements help create a dynamic learning environment. Additionally, the school promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, which serve as valuable components of a well-rounded physical education program. The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.

### छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसैंट्स कालेज ने

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश–विदेश में अपना भविष्य संवार चुके है। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

St. John's School Nainital
ADMISSION OPEN 2025-26 Class Nursery to VII



Boarding & Day School
New Pre-Nursery Section HAPPY FEET
Co-Educational
Excellent Teaching Staff
Provision for Games Drama, Music Out Door Activities Treks etc.
Large Dormitories with Qualified Matron and Maids
Safety and Security
Felicitous Staff Chosen with great care.
Shaded outdoor Play areas
Coeducational-Separate dormitories for Boys, Girls and Juniors
Above High Court Mallital, Nainital, Uttarakhand
8126562778, 8218336268 stjohnsntl@gmail.com

### नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज




नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



BISHOP SHAW INTER COLLEGE
EST.1971 ENGLISH MEDIUM,
CO-EDUCATION RECOGNIZED U.A. BOARD FOLLOWING
ADMISSION OPEN
Class Nursery to 12
Veena Massey PRINCIPAL
Neelam Dani MANAGER
TALLITAL, NAINITAL, PH. 05942-235371

ALL SAINTS' COLLEGE NAINITAL
FOUNDED IN 1869
DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class I to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
BEST SCHOOL OF SPORTS



Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org

# छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

## विशाल चौधरी हेड बॉय और धानी मल्हार हेड गर्ल नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल हल्दौर में गुरुवार को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि फादर मैथ्यू जॉन उपस्थित रहे।

समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें मनमोहक नृत्य और प्रेरणादायक भाषण शामिल रहे। स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सैनेट, सिस्टर फीलबी एवं शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विशाल चौधरी को हेड बॉय और धानी मल्हार को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। वहीं देव को असिस्टेंट हेड बॉय और वैष्णवी आर्य को असिस्टेंट हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। स्कूल काउंसलर के रूप में वेदांशी सिसौदिया को नामित किया गया। खेल कप्तान आयुष कुमार और रेड हाउस कैप्टन प्रथम और अमंशिका, वाइस कैप्टन मयंक और कनिष्का। येलो हाउस कैप्टन रचित और परी, वाइस कैप्टन शौर्य और आशरा।

ग्रीन हाउस कैप्टन रितांशु और शिवी, वाइस कैप्टन मान कुमार और किट्टू। ब्लू हाउस कैप्टन खिमांक और कनिका, वाइस कैप्टन अब्दुल्ला और कनिका। मुख्य अतिथि फादर मैथ्यू जॉन ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।




कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में ज्योति अग्रवाल और अंकुर चौधरी रहे तथा संपूर्ण स्टाफ का सहयोग रहा।

# थाना प्रभारी ने ई-रिक्शा चालकों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना परिसर में जाम की समस्या को लेकर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने ई-रिक्शा चालकों के साथ बैठक की। उन्होंने चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना प्रभारी ने बताया कि जिन ई-रिक्शा चालकों के रजिस्ट्रेशन या अन्य काग. जात नहीं है। वे कागजात पूरे होने तक रिक्शा न चलाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई नाबालिग, विकलांग व साठ साल से अधिक आयु के व्यक्ति द्वारा रिक्शा चलाई गई, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा रिक्शा में तेज आवाज से स्पीकर बजाने से ध्वनि प्रदूषण होने पर 500 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। सभी रिक्शा चालक जरूरी कागजात रिक्शा चलाते समय अपने साथ रखें। जिससे चैकिंग होने पर उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वन वे का ख्याल रखें। पट गली से लोहारी सराय तिराहे तक सुबह आठ बजे से शाम सात बजे तक के रिक्शा चालकों के लिए बनाए गए विशेष नियमों का पालन करें। इसके अलावा चालक शराब पीकर वाहन न चलाए। शहर में जगह-जगह ई-रिक्शा खड़े करके सवारियां भरने से जाम लगता है। प्रशासन ने नए नियम बनाए हैं, उनका पालन करें।



शाम को बदर मुनीम ने भी मुनीम चौक स्थित अपने कार्यालय पर रिक्शा चालकों के साथ एक मीटिंग की और प्रशासन द्वारा बताए गए नियमों का पालन करने की बात कही। उन्होंने चालकों को सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी चालकों से तुरंत अपना सत्यापन कराने के लिए अनुरोध किया। कहा कि सत्यापन न कराने पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई प्रारंभ होने पर परेशनी हो सकती है।

बैठक में बदर मुनीम, मौहम्मद यूसुफ, इसरार, मौहम्मद हनीफ, मौहम्मद अय्यूब, अय्यूब कुरैशी, मौहम्मद रमजानी, पप्पू आदि उपस्थित रहे।

## छह आरोपियों का चालान



**नहटौर।** ग्राम पुट्ठा पुट्ठी में दीवार पर बने छज्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व पथराव में एक बुजुर्ग महिला की मौत व दोनों पक्षों के छह लोग घायल होने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तीन महिलाओं सहित छह लोगों का चालान कर दिया है। गौरतलब है कि ग्राम पुट्ठा पुट्ठी में विजेंद्र व अंकुश दोनों आपस में पड़ोसी हैं। मंगलवार की रात को दीवार के छज्जे को लेकर दोनों पड़ोसी आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते गाली गलौच और पथराव हो गया। उसके बाद लाठी डंडे चल गए। जिसमें दोनों पक्षों के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया था तथा अंकुश सैनी की मां 60 वर्षीय रामकली को गंभीर रूप से घायल होने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया था तथा वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में एक पक्ष के अंकुश पुत्र होशियार सिंह, रीता पत्नी अंकुश, प्रियंका पत्नी जय सिंह व दूसरे पक्ष के सुनील पुत्र खेमचंद विजेंद्र पुत्र खेमचंद पिंकी पत्नी विजेंद्र सिंह को संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज हुई है। छह आरोपियों का चालान किया गया है।

# सपा कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन

## आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की सरकार से मांग की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए पर्यटकों के प्रति संवेदना व्यक्त करने हेतु आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला कार्यालय बिजनौर में शोकसभा आयोजित की गई।

सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर तथा दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभी ने एकजुट होकर दोषी आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की सरकार से मांग की।



इस गमगीन माहौल में तसलीम अहमद विधायक, विधायक नूरपुर राम अवतार सैनी, जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, जिला अध्यक्ष महिला सभा प्रभा चौधरी, सत्यपाल सिंह, जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू, नगर अध्यक्ष नजीबाबाद फरहान खान, नगर अध्यक्ष काशिफ खान, महमूद कसार, अनवर खान मंसूब, मनोज कुमार पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, हनी फैसल, पंकज विशनोई, राजेश गोयल, आबिद खा, मनोज राजपूत, जुल्फकार कुरैशी, डॉ योगेंद्र चौ. तरुण लाम्बा, श्लोक पवार, चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मिनी स्टेडियम शेखूपुरा में युवा प्रशिक्षुओं का सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सग्राम शेखूपुरा, विकास क्षेत्र मौहम्दपुर देवमल स्थित मिनी स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग, बिजनौर द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिनी स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले उन युवा प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस और भारतीय सेना में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

समारोह में युवा कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश मलिक, रजनी, विकुल, स्टेडियम प्रभारी भूपेंद्र सिंह एवं पूर्व ग्राम प्रधानपति जितेंद्र बुटार उपस्थित रहे। इन गणमान्य अतिथियों ने चयनित युवाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मानित होने वाले युवाओं में आयुष गुर्जर (भारतीय सेना, ग्राम शेखूपुरा), आकाश कुमार (भारतीय सेना, ग्राम सीमला कलां), ऋषिपाल सिंह (उत्तर प्रदेश पुलिस, ग्राम राजारामपुर खादर), सत्यम (उत्तर प्रदेश पुलिस, ग्राम दयालवाला), शिवानी (उत्तर प्रदेश पुलिस, ग्राम दयालवाला), नितिन (उत्तर प्रदेश पुलिस, ग्राम दयालवाला) और नागेंद्र सिंह (केंद्रीय पुलिस बल, ग्राम दयालवाला) शामिल रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिकारियों ने कहा कि इन युवाओं की मेहनत और लगन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इन युवाओं की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गर्भ में बच्चे की मौत, लापरवाही का आरोप

## पुलिस को तहरीर सौंप कर की कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गर्भवती महिला के बच्चे की गर्भ में ही मौत हो जाने के कारण पीड़िता के पति ने स्टाफ नर्स व उसकी सहायिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की है।

जावेद शेख पुत्र नसीम अहमद निवासी ग्राम हथाई शेख नींदडू, थाना धामपुर, निवासी के अनुसार उसकी ससुराल नगर अफजलगढ़ के मौहल्ला चिरंजीलाल में वकार अहमद के यहां है। उसकी पत्नी गुलफशा गर्भवती होने के चलते उपचार आदि के लिये अपने मायके अफजलगढ़ आई हुई थी। बीते शुक्रवार को रात्रि में प्रसव पीड़ा के कारण मेरी पत्नी को उसकी भाभी शाहिन ने रात्रि में ही करीब आठ बजे कादराबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया था। जंहा पीएचसी पर तैनात स्टाफ नर्स सीमा ने पत्नी की जांच व बच्चे की धड़कन की जांच कर बताया कि मां और बच्चा दोनों सही है तथा रात्रि में करीब ग्यारह बजे तक सकुशल प्रसव होने की उम्मीद है। ग्यारह बजे के बाद भी बच्चे को सही बताती रही। किंतु प्रसव नहीं कराया और टाल मटोल करती रही। अगले दिन करीब पौने दो बजे दोपहर को बच्चे की धड़कन जांच की फिर से जांच की और बताया कि बच्चे की धड़कन नहीं चल रही है तथा पत्नी को बहार ले जाने की बात कही व 102 एंबुलेस को कॉल कर बुलाया और अपनी सहायिका नीलम के साथ पत्नी को एम्बुलेंस के माध्यम से भेज कर अफजलगढ़ में धामपुर रोड स्थित नवजीवन नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां नर्सिंग होम चिकित्सक शबनम व हबीब द्वारा बच्चे की जांच करके बताया गया बच्चा मर चुका है तथा महिला का आपेरशन कर बच्चे को बाहर निकालने की बात कही। जिस पर और अन्य डॉक्टर को बुलवा कर आपरेशन के बाद मरा हुआ बच्चा बाहर निकाला गया। जिस पर पीड़िता के पति ने पीएचसी में तैनात सीमा व सहायिका नीलम से पत्नी के प्रसव में लापरवाही बरतने की बात कही, तो वह आगबबूला हो गई और अभद्रता करते हुए कहीं भी शिकायत करने व किसी को भी बुलाने की बात कही तथा दबंगई दिखाते हुए कहने लगी कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी।

पीड़िता के पति जावेद ने स्टाफ नर्स व सहायिका पर लापरवाही के कारण बच्चे की मौत होने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बंध में कासमपुर गढ़ी ब्लाक चिकित्सा अधिकारी खालिद अहमद का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। वहीं सीओ राजेश सोलंकी का कहना है की जांच कर रिपोर्ट सीएमओ को प्रेषित की जाएगी।

स्टाफ नर्स सीमा का कहना है कि बच्चे की धड़कन कम होने के कारण महिला को रैफर किया गया था। आरोप बिल्कुल निराधार है।

## कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन

**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रेंस एकेडमी में कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के खेल शिक्षक शंकर कुमार व खुशबू की देख रेख में किया गया।

जूनियर श्रेणी में प्रथम स्थान प्रिंस शर्मा, द्वितीय स्थान आरव त्यागी एवं तृतीय स्थान आहिल आलम ने प्राप्त किया। सीनियर श्रेणी की बालिकाओं में प्रथम स्थान अफीफा अरशद, द्वितीय स्थान मनीषा तथा तृतीय स्थान स्नेहा को मिला।सीनियर बालकों में प्रथम स्थान मोहम्मद सुफियान, द्वितीय स्थान मोहम्मद फराज एवं तृतीय स्थान मोहम्मद जुबैर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजयी प्रतिभागियों मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए बधाई दी।

## अवैध खनन पाये जाने पर परमिट निरस्त किये जाने की होगी कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बिजनौर।** जिलाधिकारी कार्यालय के पत्र सं. 1323/ खनिज अनुभाग-25 दिनांक 17 अप्रैल 2025, जिसके साथ लोकतंत्र की आवाज अखबार की संलग्न कटिंग के उल्लिखित शीर्षक एलीफेंट जोन घोषित क्षेत्र बीरूवाला में आंबटित पट्टे पर मानकों के विपरीत बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनों से खनन जारी की छायाप्रति संलग्न करते हुए समाचार पत्र में अंकित तथ्यों व तहसील नजीबाबाद के एलीफेंट जोन में तो खनन नहीं हो रहा है, की जांच करते हुए यह सुनिश्चित किये जाने कि किसी भी दशा में वन क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन न होने पाए, के सम्बन्ध में जांच कर कृत कार्यवाही व आख्या से अवगत कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, तहसीलदार नजीबाबाद, खान अधिकारी बिजनौर, खान निरीक्षक बिजनौर व राजस्व निरीक्षक / क्षेत्रीय लेखपाल ग्राम बीरूवाला द्वारा परमिट धारक के प्रतिनिधि की उपस्थिति में 18 अप्रैल, 2025 को जांच की गयी, जिसमें अवगत कराया गया है कि अनुज्ञापत्रधारक कफील अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी ग्राम बीरूवाला तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र में खनन किया जा रहा था। खनन क्षेत्र के अन्दर एक पिटस पाया गया। जिसकी औसतन गहराई 1.6 मीटर से उपखनिजो की पैमाइश 1729.6 घन. मी. पायी गयी। अनुज्ञापत्र धारक का विभागीय पोर्टल upmines-upsdc -gov-in पर उपलब्ध ई-परिवहन प्रपत्र के आंकड़ों की समीक्षा करने पर पाया गया कि अनुज्ञापत्र धारक द्वारा अनुज्ञा की अवधि शुरू होने से लेकर जांच के दिनांक (18 अप्रैल 2025) तक कुल 88 ई.एम.एम. 11 निर्गत किये गये है, जिसकी कुल मात्रा 1102 घन.मी. होती है। उक्त परिक्षण से स्पष्ट है कि अनुज्ञापत्रधारक द्वारा लगभग 1729.6-1102 = 627.6 घन.मी. उपखनिज का खनन कर अवैध तरीके से बिना किसी वैध प्रपत्र के माध्यम से परिवहन किये जाने पर अनुज्ञापत्रधारक के पक्ष में नोटिस निर्गत किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त स्थल से पुनः अवैध खनन पाये जाने पर परमिट निरस्त किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

# त्वरित एवं कठोर निर्णय ले सरकार: गय्यूर आसिफ

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिवंगत सैलानियों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गहरा दुख एवं आक्रोश प्रकट करते हुए इसे अमानवीय एवं क्रूरतम कृत्य बताया।



विज्ञप्ति के माध्यम से दोनों शिक्षकों ने कहा कि आज समस्त देश निर्दोष लोगों की निर्शंस हत्या से बेहद दुखी एवं आक्रोशित है। विज्ञप्ति में कहा गया है। यह समय सत्ता पक्ष से सवाल करने का या अनावश्यक आरोप प्रत्यारोप करने का नहीं वरन पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने तथा दुस्साहसी आतंकियों और उनको सहायता प्रदान करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का समर्थन करने का है। यह समय समस्त राष्ट्र एवं भारतवासियों के लिए संकट शोक एवं आक्रोश का समय है। किंतु यही समय हमारे शीर्ष नेतृत्व को हर प्रकार से नैतिक संबल प्रदान करने तथा कड़े निर्णय के लिए समर्थन देने का भी है। आसिफ ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि हमारा शीर्ष नेतृत्व एवं हमारी सुरक्षा प्रणाली सही समय पर सही निर्णय लेकर आतंकियों तथा उनके आकाओं को कड़ा सबक सिखाने में पूरी तरह सक्षम है और सही समय पर कड़ा प्रहार कर हमारे निर्दोष लोगों की जान का बदला लिया जाएगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ दुख और संकट के इस समय में पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है, तथा घायल साथियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

नरसंहार में दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना प्रकट कर उनकी आत्मा की शांति के लिए संदेश प्रकट करने वालों में सुरेंद्र मलिक, विनेश त्यागी, टिकेश चौधरी, सुधांशु कुमार, सुभाष बाबू राजपूत, मनोज यादव, गिरिराज सिंह, मयूर मलिक, निर्दोष कुमार, ब्रजवीर सिंह, राजेंद्र सोलंकी, वीरेंद्र चौधरी, देवेंद्र कुमार, केशवशरण आदि शिक्षक साथ में रहे।

# कैंडल मार्च निकालकर दी मृतकों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादी हमले में पर्यटकों की हत्या को लेकर हिन्दूवादी संगठनों ने कैंडल मार्च निक. ालते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरूवार की सायं करीब छह बजे हिन्दूवादी संगठनों के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। हल्दौर चौराहे पर श्रंखला बनाकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस हमले को पाकिस्तान की कायरनामा हरकत बताते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। हमले में मृतकों को कैंडल जलाकर श्रंदाजंलि दी गई। इसके अलावा हल्दौर चौराहे से ब्लॉक में स्थित शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस



मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, दानवीर चौहान, त्रिलोकचंद, शोभित त्यागी, प्रशांत वर्मा, मूलचंद त्यागी, सुरेंद्र सिंह, अभिनव जैन, अंकुश अग्रवाल, विनीत शर्मा, राहुल कुमार, अरविंद चौधरी, राकेश सैनी, सावन वाल्मीकि, माधुरी गुप्ता, दीपक कुमार, आशीष त्यागी, प्रदीप कुमार, पिंकी राणा, नरेश कुमार, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

**आर.बी.जे.फार्म नं. 33 वार्ड 7**
**एच.सी.जे.पी. VII No.33**
**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**आदेशानुसार सिविल जज**
**(जू.डि.) बिजनौर**
**न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 25/2025

प्रेम कुमार आयु 28 वर्ष पुत्र स्व. श्री बिशम्बर सिंह निवासी ग्राम धौकलपुर तहसील व जिला बिजनौर उ.प्र. **(आवेदक/वादी)**

**बनाम**

1- श्रीमती सीमा आयु 30 वर्ष पुत्री स्व. बिशम्बर सिंह पत्नी सोनू कुमार निवासी ग्राम खारी, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर (उ.प्र.)

2- श्रीमती उमा रानी उम्र 40 वर्ष पुत्री स्व. बिशम्बर सिंह पत्नी जयपाल सिंह नि.ग्राम राजपुरी तहसील व जिला बिजनौर (उ.प्र.)

**(प्रतिपक्षी/प्रतिवादीगण)**

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 02.05. 2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 02.05.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज**
**(जू.डि.) चांदपुर**
ओ.एम. 25/2025
**श्रीमती जरीना बनाम तहसीमा**

श्रीमती जरीना उम्र व्यस्क पत्नी हमीद निवासी ग्राम रहरा, परगना बास्टा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

**विपक्षी**

तहसीमा उम्र व्यस्क पत्नी तहसीम निवासी ग्राम हुसैनवाद उर्फ दौलताबाद, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।

दरख्वास्त मुसम्मा जरीना वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा जरीना मुसबफा तहसीमा अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा जरीना ने दरख्वास्त हुसूल सार्टिफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 28.04.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो तो या असालत या वकालत वक्त दस बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम चांदपुर में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 28.04.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**चांदपुर**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2013 रोल नंबर 0877829 इलाहाबाद बोर्ड, इंटरमीडिएट की मार्कशीट वर्ष 2015 रोल नंबर 0617637 इलाहाबाद बोर्ड व स्नातक बीएससी रोल नंबर 7037170366 एम जे पी ऑर यू वास्तव में कही खो गई है। **सूचना कर्ता- नाहिद परवीन, पिता का नाम-शमीम अहमद, माता का नाम- तसलीमा, पता- मौहल्ला वलीपुरा, बसी किरतपुर, बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री मनीषा ने दिनांक 26.07.2024 को हमारी मर्जी के बिना अपनी जान-पहचान के सूरज सिंह पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम कल्याणपुर राजपुर नवादा, थाना मण्डावली, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर से शादी कर ली है और सूरज सिंह को अपना पति मानकर दाम्पत्य जीवन व्यतीत कर रही है। मनीषा हमारे कहे में नहीं है, इसलिए खूब सोच समझकर मैंने आज दिनांक 19.04.2025 को मनीषा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने समस्त संबंध, हक अधिकार समाप्त कर लिए है। अब मनीषा के किसी भी अच्छे बुरे कृत्य के लिए मैं या मेरे परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होंगे। बल्कि मनीषा स्वयं जिम्मेदार होगी। **नरेश सिंह पुत्र कृपाल सिंह, निवासी ग्राम तकीपुरा, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर**

**सूचना**

मैं अपनी पुत्रवधू प्रीति पत्नी स्व. लवनीश कुमार भारती व दोनों पौत्री हिमाक्षी व माही पुत्रीगण स्व. लवनीश कुमार भारती को अपनी कुल चल व अचल संपत्ति, घर या अन्य किसी भी प्रकार के अधिकारों से बेदखल कर रहा हूं। यह निर्णय मेरे द्वारा पारिवारिक एवं आर्थिक विवादों के कारण लिया गया है। मैंने उसे इस निर्णय से पूर्व में सूचित कर दिया है और वह इस मामले से अवगत है।

**दिग्विजय सिंह पुत्र श्री चन्द्रपाल सिंह, निवासी ग्राम मौजमपुर जैतरा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरी पुत्रवधू प्रियंका पत्नी अजय कुमार के गलत संगति में पड़ जाने व मेरे साथ आएदिन मारपीट किए जाने से तंग आकर मैं अपने पुत्र अजय कुमार पुत्र राजेश कुमार व पुत्रवधू प्रियंका पत्नी अजय कुमार से संबंध विच्छेद कर दिए हैं। अब मेरा उनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा। साथ ही मैंने अपनी चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा जो भी अच्छे या गलत कार्य में लिप्त पाए जाते हैं, तो यह स्वयं जिम्मेदार होंगे, मैं या मेरा परिवार एवं रिश्तेदार जिम्मेदार नहीं होंगे। -**ओमवती पत्नी राजेश कुमार निवासी मौहल्ला आजाद (तूफान) कॉलोनी लाइन पार, नगीना-बिजनौर।**

**कृषि भूमि नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनता इंटर कॉलेज बागड़पुर (बिजनौर) की लगभग 38 बीघा कृषि भूमि का ठेका /नीलामी 04 वर्ष के लिए दिनांक 28 अप्रैल 2025 को प्रातः 12:00 बजे विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। जमानत राशि रुपए 50000 रहेगी। ठेके की अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**(रामपाल सिंह)**
**प्रबंधक**
**जनता इंटर कॉलेज, बागड़पुर, जनपद बिजनौर**

## एक नजर

### ऑनलाइन जमा होगा गृहकर और जलकर



**स्योहारा।** नगर पालिका ने गृहकर और जलकर ऑनलाइन जमा करने की सुविधा शुरू की है। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने वेबसाइट nppseohara-org जारी करते हुए बताया है कि नगर पालिका क्षेत्र में सभी नगर वासियों को सुविधा देने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन बिल जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि नगर की जनता के लोग अपने घर बैठकर ही अपना गृह कर और जलकर का बिल जमा कर सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस वेबसाइट में किसी प्रकार की कोई परेशानी आती है तो वह जाकर नगर पालिका में अपनी शिकायत कर सकता है, जिसका निस्तारण तुरंत किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि नगर पालिका क्षेत्र में सरकार के द्वारा दी जा रही तमाम सुविधाओं को जनता तक पहुंचाया जाए। ताकि नगर की जनता इसका लाभ उठा सके। सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि तमाम सुविधाएं ऑनलाइन की जाए। यह उसी का प्रयास है।

### शोकसभा में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**धामपुर।** श्रीमद हनुमत सेवा समिति द्वारा बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज पर बैठक कर कश्मीर के अनंतनाग जनपद के पहलगाम में गत दिवस हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये वक्ताओं ने कहा कि यह आतंकी हमला नहीं बल्कि एक वीभत्स नरसंहार है। इस हमले द्वारा भारत की एकता व अखंडता पर सीधा प्रहार करने का दु:साहस किया गया है जो बिल्कुल भी क्षमा करने लायक नही है। पड़ोसी दुश्मन देश जम्मू-कश्मीर राज्य में शांति, विकास व तेजी से बढ़ती आर्थिक संपन्नता को पचा नहीं पा रहा है। सभी लोगों ने भारत सरकार से इस नृशंस आतंकी हमले का शीघ्र ही करारा जवाब देने की मांग की है। इस श्रद्धांजलि सभा में सुभाष कौशिक, बाबा रामदास, पवन कौशिक, डा. अनुज वर्मा, पंकज भटनागर, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, मयंक अग्रवाल, तरुण शर्मा शास्त्री, पुलकित भारद्वाज रचित, कपिल तुली, डा. ईश्वर चंद शर्मा, ध्रुव वर्मा, आयुष राज वर्मा, रजत सक्सेना आदि की उपस्थित रहे।

### हीट वेव से बचाव के बारे में बताया



**बिजनौर।** आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा रानी के निर्देशन में छात्राओं को हीट वेव एवं उससे बचाव व पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कुपोषण से बचने व पोषक तत्वों का सेवन करने से शरीर में होने वाले रोगों की रोकथाम व स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बदलते मौसम में भीषण गर्मी के चलते अनेक बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। इन दिनों में गर्मी से बचने के लिए पानी की पर्याप्त मात्रा लेना जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों का भरपूर प्रयोग करें। इन दिनों में ताजी और हरी सब्जियों का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहता है। वाइस प्रिंसिपल डॉ. रंजना ने बताया कि मौसम और खान-पान का हमारे स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव पड़ता है। गर्मी के मौसम में कड़ी धूप से बचना चाहिए। हाथों में पूरी आस्तीन के कपड़े तथा सिर पर धूप से बचाव हेतु छाता या चुनरी ओढ़ना जरूरी है। सुबह को हल्का नाश्ता और समय-समय पर पानी पीते रहने से गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता है। ताजा और शुद्ध भोजन लेना चाहिए। अधिक ठंडा पानी व बाजारु कोल्ड ड्रिंक आदि के सेवन से भी बचें। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देते ही चिकित्सक की सलाह अवश्य लें। गर्मी में पानी एवं शुद्ध भोजन पर्याप्त मात्रा में लेते रहना चाहिए। इससे शरीर को नई ऊर्जा मिलती रहती है। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### टिटनेस व डिप्थीरिया की वैक्सीन लगाई



**धामपुर।** लाल केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टिटनेस व डिप्थीरिया की वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती अभावती ने पांच छात्राओं के साथ स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी अमृता सिंह द्वारा दीप प्रजवलित कर किया। इस अवसर पर लगभग 80 छात्राओं ने इस अवसर का लाभ उठाया कर टीकाकरण कराया। प्रधानाचार्य आभावती ने बताया कि इस वैक्सीन लगवाने से छात्राओं को टिटनेस डिप्थीरिया इत्यादि बीमारी से बचाव किया जा सकता है। वैक्सीन लगवाने वाली छात्राएं इशिका, अनुश्री, अवनी चंद्र, आरुषि, पल्लवी यादव रहीं। कार्यक्रम में रेनू, सरिता, अलका, अपर्णा, खुशबू, प्रीति, अर्चना, इशिका, प्रियंका, पारुल का विशेष सहयोग रहा।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला (जीवन कौशल) का समापन किया गया। समापन प्राचार्य डॉ. रश्मि शर्मा रावल द्वारा किया गया, जिसमें समिति द्वारा प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र चौधरी द्वारा योग से रहोगे निरोग एवं योग एक प्राचीन कला है जो आज भी हमें सुकून और संतुलित रखती है विषय पर अपने विचार रखे। तीन दिवसीय कार्यशाला में किशोरावस्था में सभी विद्यार्थियों को अपने भविष्य की चिंता, मन मस्तिष्क का विचलन और सामाजिक समरसता और सामाजिक के कारण अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसके निदान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया। महाविद्यालय स्तर पर किया गया। डॉ. रवि धनकड़ ने कैरियर से चिंतित विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। डॉ. आकाश ने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने के लिए कहा और समय का सदुपयोग कर अपने भविष्य को सँवारने की प्रेरणा दी। डॉ. सुमेधा चौहान ने कार्यशाला का महाविद्यालय पर में होने से विद्यार्थियों में होने वाले परिवर्तन पर विचार किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नारी समिति की कार्यकर्ता नीरा गोयल द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्यवाणी की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. मधुसूदन, डॉ. अनिल यादव, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. भारती चौहान, श्रीमति माला देवी, श्रीमति पामिल अग्रवाल, श्रीमति सुनीता नंदा आदि उपस्थित रहे।

# आतंकी हमले पर विजय जैन की अनोखी मांग

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप पाकिस्तान जाने की मांगी अनुमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आतंकी हमले के विरोध में गणेश चौथ समिति के बैनर तले संयोजक विजय जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी रितु रानी से मिला। विजय जैन ने आतंकी हमले पर रोष जताते हुए पाकिस्तान से बदला लेने के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति मांगी।

उन्होंने कहा कि हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार से उपजिलाधिकारी रितु रानी को ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार इस कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब दे और इस घटना में शामिल किसी को नहीं छोड़े। साथ ही बताया कि हम लोगों का एक जत्था पाकिस्तान जाना चाहता है जो धिनौनी हरकत पाकिस्तानियों ने हमारे हिन्दुस्तान में की है। उसी का मुहतोड़ जवाब देने के लिये हमें भी जाने की अनुमति दी जाये। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध है। वह इस कायराना हरकत का बदला तुरंत चाहता है। अब समय आ गया है कि मोमबत्ती जलाना या शोक करने से काम नहीं चलेगा। ईंट का जवाब हर हालत में पत्थर से देना होगा। पूरा देश आज इस घृत कार्य का जवाब मांग रहा है। महामहिम जी से नम्र निवेदन है कि हम लोगों को जल्द से जल्द पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जाये, जिसमें हम अपने कागजात आपके पास सत्यापन के लिये भेज सके।

गोरक्षक संयम जैन, संजय सैनी, श्याम बाबू, वीरेंद्र कारीगर, व्योमकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

## खुदाई में निकली पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति व सिक्के



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हल्दौर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पीछे आम के बाग में वन्य जीव नौड़ी का शव दफनाने के लिए खोदे जा रहे गड्ढे के दौरान जमीन में एक पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति निकली। पुराने समय के कुछ सिक्के भी निकले है। मूर्ति निकलने पर आस-पास की महिलाओं व लोगों ने पूजा पाठ करना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार गांव धनुपुरा अंबर के जंगल में वन विभाग को एक घायल अवस्था में एक वन्य जीव नौड़ी मिला था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को वन विभाग की टीम उसके शव को दफनाने के लिए हल्दौर मार्ग पर वन

### वन्य जीव दफनाने के लिए खोदा जा रहा था गड्ढा

विभाग की चौकी के पीछे आम के बाग में एक गड्ढे की खुदाई करा रही थी। खुदाई के दौरान जमीन में एक पीली धातु की शिव शंकर की मूर्ति व पुराने समय के सिक्के निकले है। शिव शंकर की मूर्ति निकलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रसाद व पूजा पाठ करना शुरू कर दिया। वन विभाग के रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि वन्य जीव नौड़ी की मौत होने के बाद शव को दफनवा दिया गया है।

## सर्वेक्षण नीति के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर में मिल एवं जीओवी स्टॉफ ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्वेक्षण नीति के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में खास बिंदु पर फोकस किया गया। राजस्व अभिलेख, नए सदस्य, किस्म सर्वेक्षण, रैटून विलोपन भौतिक भिन्नता, संयुक्त टीम सर्वेक्षण, नर्सरी, भूखंडों, प्रदर्शन भूखंड, डब्ल्यूएसएचजी भूखंडों का चिह्नांकन, बीज वितरण सत्यापन और बी में जोड़ना, सर्वेक्षण पर्ची, जीपीएस मशीन, अनबॉन्डिंग केन, ट्रांसफर इंट्री प्लॉट, सेल्फ डिक्लेरेशन प्लॉट, ट्रेंच की विशिष्टता, इंटरक्रॉपिंग, ड्रिप सिंचाई, पंचामृत किसान, सर्वेक्षण के साथ-साथ संबंधित गांव में लघु गोष्ठी कर लाल सड़न, नियंत्रण, शीर्ष छेदक, पायरिल्ला नियंत्रण जैसे समवर्ती विषयों पर भी चर्चा करते कहा कि सभी सर्वेक्षण सही और पारदर्शी होने चाहिए। डीसीओ पीएन सिंह ने फैक्ट्री प्रबंधन को हॉट टेप से बचाव के लिए कैप, वॉटर बूटल, मास्क और गुलदार (तेंदुए) से बचाव हेतु यंत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को फैक्ट्री गन्ना सर्वेक्षण ऐप्स के साथ तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। बैठक पश्चात सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर के संयुक्त निर्देशन में उनके साथ शुगर मिल चांदपुर परिसर से किसानों को उनके गन्ने की फसल और अच्छी पैदावार के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# सीडीओ ने की लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन तत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।

मुख्य विकास अधिकारी श्री बोरा ने प्रदूषण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने गत बैठक में उठाये गये प्रकरणों पर दिए गए निर्देश/अद्यतन स्थिति/प्रस्तुत अनुपालन आख्या की बिंदुवार विवरण की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत बैकों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

उन्होंने एमओयू क्रियान्व्यन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु जुल्फुकार अहमद, विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग एवं व्यापार बन्धु मौजूद थे।

# एसपी कॉलेज में युवा शिल्प प्रतियोगिता

### शगुन राजपूत ने पाया प्रथम स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** क्षेत्र के ग्राम तिगरी स्थित एसपी ग्रुप ऑफ कालेज में सुम्बुल शेख के निर्देशन में युवा शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम 'वेस्ट मेटिरियल से बेस्ट क्राफ्ट' थी, जिसने प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को दो चरणों में सम्पन्न कराया गया।

पहले चरण में छात्र छात्राओं ने शिल्प प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए सुंदर सुंदर कलाकृतियां बनाकर बाहर से आये अतिथियों और निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। दूसरे चरण में कार्यक्रम को एक मंच प्रदान किया गया, जिसे महाविद्यालय के अध्यक्ष संदीप बंसल और प्रबंधक राहुल बंसल की उपस्थिति में महाविद्यालय के कपिल शर्मा और इंतिबा अनीस के कुशल संचालन में सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम को मंच प्रदान करने के दो मुख्य उद्देश्य थे, जिनमें से एक तो निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉ. माही मुनीर (प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर, चांदपुर) तथा स्वेता अग्रवाल (आर्टिस्ट) की उपस्थिति में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित करना तथा बाहर से आये अतिथियों जिनमें अचल अग्रवाल, पीयूष राजपूत (संस्थापक सर्वोदय इंटर कालेज सेंद्वार), नसीम अहमद (सहायक अध्यापक सर्वोदय कालेज), नरगिस नईम (उपप्रधानाचार्या रहमानिया इंटर कॉलेज चांदपुर), मलका तरन्नुम और नगमा (सहायक अध्यापिका रहमानिया इंटर कालेज) तथा रुखशाना (एमएसए पब्लिक स्कूल मुबारकपुर कला) आदि का सम्मान करने के साथ साथ यूनिवर्सिटी परीक्षा में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रदर्शन के आधार पर उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित करना था। शिल्प प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शगुन राजपूत (विवेकानंद महाविद्यालय दरबाड़ा चांदपुर) को रूपए 5000 का नकद पुरस्कार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अल्फिशा (वेदिक कन्या इंटर कालेज चांदपुर) को रूपए 3000 का नकद पुरस्कार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रिद्धि अग्रवाल (आधार शिला द स्कूल दत्तियाना रोड चांदपुर) को रूपए 2000 का नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रथम 10 (अलीना, मनु वर्मा, सना, हर्षिता त्यागी, अदीना आदि) प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। युवा शिल्प प्रतियोगिता के साथ -साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को यूनिवर्सिटी परीक्षा में महाविद्यालय स्तर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया, जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पलक शर्मा ने 77.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वासुदेव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा लायबा परवीन और फारिया ने बराबर अंक लाकर बीएससी प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बीए प्रथम वर्ष में अंशिका ने प्रथम, तनु कुमारी और महताब अहमद बराबर अंक लाकर द्वितीय तथा प्रिंस सूर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ बीएससी गृह विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका ने प्रथम स्थान, नजराना ने द्वितीय स्थान और इरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य कपिल शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय छात्र- छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए ऐसे आयोजन निरंतर कराता रहता है, जिसके लिए वह महाविद्यालय की प्रबंध समिति का आभारी हूं।

आपको बता दें कि युवा शिल्प प्रतियोगिता में लगभग 25 से अधिक इंटर कालेज और डिग्री कॉलेज के लगभग 250 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनकी व्यवस्था आदि कार्य योजना में महाविद्यालय के डायरेक्टर अर्पित बंसल के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुम्बुल शेख, कपिल शर्मा, इंतिबा अनीस, अमानी अतीक, प्रियंका तोमर, संगीता सिंह, सुहाना फिरोज, आसिफ मंसूरी, राजेन्द्र पाल सिंह, विपिन कुमार, जितेन्द्र कुमार, देव मौर्य, इरफान अहमद, अभिषेक अग्रवाल, सोनू कुमार, शुभम कुमार, नमन कौशिक, हिमांशु चन्द्र, विनय गहलोत, युमना फिरोज, मरयम शकील, इरम परवीन आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित



**अफजलगढ़।** ग्राम मेघपुर मार्ग स्थित एक्सिस बैंक शाखा की ओर से खाता धारकों से मिलिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शाखा प्रबंधक ने खाता धारकों की समस्याएं सुनी। स्थानीय एक्सिस बैंक की शाखा प्रबंधक शादमानी मुख्तार ने बैंक खाता धारकों से मिलिए एक कार्यक्रम में केक काटकर उपस्थित खाता धारों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋणों कृषि, होम, इंश्योरेंस हेल्थ,कार, शिक्षा ऋण आदि समस्त प्रकार के ऋणों पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बैंक में अधिक से अधिक अकाउंट खुलवाने का आह्वान किया। वही उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के धामपुर तहसील इकाई के अध्यक्ष इशरत अली को बैंक की शाखा प्रबंधक सादमानी मुख्तार द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर एक्सिस बैंक की शाखा प्रबंधक शादमानी मुख्तार के अलावा, एरिया मैनेजर अक्षय त्यागी, राजा पवार, मौहम्मद शादाब, कपिल, कुमार शुभम सिंह, ऋशिद कुमार, शिवम कुमार, मौहम्मद सलीम आदि बैंक कर्मचारीयों के अतिरिक्त इशरत अली, परवेज विकार, डॉ. विमल कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान मेघपुर रिजवान अहमद, सभासद शाहनवाज अहमद, अमानत हुसैन, मनप्रीत सिंह संधू, डॉ. मौहम्मद ताजीम प्रबंधक एमटी हॉस्पिटल आदि खाताधारक मौजूद रहे।

### नियुक्ति में धांधली का आरोप




**अफजलगढ।** नगर में रिक्त पड़े आंगनबाड़ी केंद्र पद के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायक की एक आवेदक ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कम मैरिट वाली महिला से घूस लेकर नियुक्ति करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त और भ्रष्टाचार रोकने के हर संभव प्रयास कर रही है परन्तु कुछ विभाग के कर्मी पर सरकार की जीरो टॉलरेंस पालिसी का कोई असर नहीं पड़ रहा है। जिस कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देखने को मिलता है। कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश बरेली में सीडीपीओ विकास भवन के बाहर ही कार में आंगनबाड़ी भर्ती के लिए महिला से रिश्वत लेता रंगेहाथ पकड़ा गया। एक मामला थाना क्षेत्र बाल विकास पुष्टाहार परियोजना कासमपुर गढ़ी ब्लाक के अन्तर्गत कस्बा अफजलगढ़ का समाने आया है। सरकार ने 2024 में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायक पद के लिए मैरिट के आधार पर रिक्त पद के लिए आवेदन हुए, जिसमें नगर पालिका के वार्ड 02 के लिए कुमारी शीतल पुत्री मनफूल निवासी मोहल्ला किला ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए आवेदन किया था। जिसकी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट,स्नातक के अंकतालिका में 172 मैरिट है। शीतल का आरोप है की ब्लाक कासमपुर गढ़ी अधिकारी द्वारा अन्य दो महिलाओं से मोटी रकम लेकर जिसकी उससे कम मैरिट सूची में है। उनका चयन कर दिया गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पर देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। उधर बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ नीता देवी का कहना कार्यकत्री, सहायक रिक्त पदों के आठ वार्ड के लिये मैरिट, आय, बीपीएल कार्ड धारकों के आधार पर रखा गया। लगाए गए आरोप सभी आरोप निराधार है।

### रोटरी क्लब ने पेडेस्टल फैन बांटे



**बिजनौर।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर के सौजन्य से स्थानीय आर्य समाज के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के 3 व एक ग्रामीण स्कूल तथा चामुंडा मंदिर को तीन-तीन पेडेस्टल फैन वितरित किए गए। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर जाटान, यशपाल आर्य स्कूल जमालपुर पठानी, आर्य समाज प्राइमरी व जूनियर स्कूल, जूनियर हाई स्कूल गंगदासपुर, चामुंडा मंदिर जाटान को 3-3 पेडेस्टल फैन दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष हितेश कुमार शर्मा एवं संचालन सचिव डॉ राजीव अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर क्लब के सचिव डॉ. राजीव अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब गंगा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करता रहता है। प्रत्येक मौसम के अनुसार समाज के पात्र लोगों को कपड़े, कंबल, पंखे एवं छाता देने का काम करता है। क्लब के सभी सदस्य ऐसे नेक कार्यों को करने में हर समय तत्पर रहते हैं और अपना सौभाग्य मानते हैं। कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गजे सिंह, पूर्व अध्यक्ष आदेश भटनागर, पूर्व अध्यक्ष सुफियान बानो, पूर्व अध्यक्ष खगेश शर्मा एवं क्लब के सदस्यों में रोटेरियन तृप्ति शर्मा, रो. संजीव कुमार शर्मा, रो. रेखा अग्रवाल, रो. देवेंद्र चौहान, रो. विमल गुप्ता, रो. तिलक राज तनेजा, रो. अनिल शर्मा, रो. राजीव गुप्ता, रो. शिखा गुप्ता, रो. संजय भटनागर, रो. डॉ. नवनेश कोठारी, रो. डॉ. हितेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आर्य समाज के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब गंगा द्वारा समय-समय पर किए गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि हम सबको भी अपनी अपनी सामर्थ्य अनुसार समाज के कमजोर वर्ग एवं जरूरतमंदों की आवश्यकता अनुसार सेवा करनी चाहिए। सामाजिक कार्यों के करने से अन्य लोगों को भी प्रेरणा दी जा सकती है। इस अवसर पर संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं दयानंद जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक मनजीत सिंह, पत्रकार आलोक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले की निंदा

**चांदपुर।** नगर की सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं ने समिति कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन कर जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उसमें मारे गये बेकसूर लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। समिति प्रबंधक मौलाना मौहम्मद इल्तिफात ने कहा आंतकवाद को कोई धर्म नहीं होता। हमलावर आतंकी जो भी हो सरकार गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे। शोकसभा में अब्दुर्रहमान, मौहम्मद शरीफ नाजिर, खुर्शीद अहमद, मोहसिन अली, डा. मौहम्मद शुऐब, डा. मौहम्मद फैजान, मौहम्मद फैज, जावेद अख्तर, विक्की सैनी, संजय कुमार, मौहम्मद नादिर बेग एवोकेट, मौहम्मद शाजी, समरजहां, मौहम्मद इशरत, समीरा, सरदार नवजोत सिद्धू, मनीष कुमार, चंचल कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, आबिद खान आदि उपस्थित रहे। शोकसभा की अध्यक्षता मौलाना इल्तिफात ने की जबकि संचालन गुफरान अहमद ने किया।

# आतंकवाद की समाप्ति को अभियान किया जाए तेज़

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जघन्य व दिलों को झकझोरकर रख देने वाली हृदय विदारक जम्म कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार का विरोध लगातार जारी है। अखिल भारतीय विद्यार्थर्ष परिषद के कार्यकर्ताओं ने हमले और नृशंस रूप से किए गए नरसंहार पर विरोध प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पुतला दहन कर आतंकवाद की समाप्ति को अभियान तेजी से चलाने की मांग की।

गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में हयात नगर के चामुंडा मंदिर पर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला दहन कर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की, जिला संयोजक पीयूष बिड़ोलिया और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हितेश प्रजापति ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म के आधार पर आतंकी हमला किया है इसको बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, इस हमले में जिन लोगों ने अपनी जान गंवायी है हम उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं साथ ही जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। उन्होने प्रधानमंत्री से हमले में शामिल आतंकवादियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करते हुए उन आतंकवादियों को सीधा परलोक भेजने की मांग की। साथ ही पूरी कश्मीर घाटी में आतंकवाद समाप्त करने के अभियानों को तेज करने की मांग की गयी। विरोध प्रदर्शन में हितेश प्रजापति, रितिक प्रजापति, मनसा प्रजापति, विनय कुमार, प्रिंस आर्य, हिमांशु कुमार, शेखर प्रजापति, आदित्य प्रजापति, मोहित कश्यप विशाल कुमार, गौरव वाल्मीकि, धीरज आर्य, अनिल,ध्रुव प्रजापति, स्वस्तिक आर्य, प्रदीप कुमार,बासु, मुकुल, विनय, प्रभात, तुषार, सिद्वार्थ, सुमित, सनी, लकी, अंशु आदि मौजूद रहे। जबकि राष्ट्रय दलित पिछड़ा वर्ग भारत के अध्यक्ष पददीप सिरसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के शंकर कॉलेज चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन किया और जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार पर कड़ा रोष प्रकट किया। इस दौरान प्रदीप सिरसवाल ने प्रधानमंत्री से आतंकवाद के सफाये के लिए आतंकियों को गोली मार देने की मांग की।उन्होने कहा कि देश की जनता आपके साथ है और आतंकियों को ऐंसा सबक सिखाया जाये कि फिर कभी कोई और ऐंसी कायरना हरकत नहीं कर सके तथा देश पर कोई बुरी नजर नहीं डाल सके। इस मौके पर मुकेश गजनाल, सुरेश सरपंच, आशु कुमार, करन सिंह, गुडडू, अमन चौकड़ात, गौरव सिंह, महेन्द्रपाल, गौरव कुमार,राजा बाबू, दानवीर आदि मौजूद रहें।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद संभल द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगांम में आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्याओ पर श्रृद्वांजलि अर्पित की गई।सम्भल विधानसभा अध्यक्ष हाजी एहतेशाम अहमद ने केंद्र सरकार से निर्मम हत्याओं के जिम्मेदार आतंकवादियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। जबकि नाजिम सैफी ने कहा कि हत्या कांड के जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा ना हो पाए इस दौरान मुख्य रूप से फुरकान वारसी अशरफ हुसैन मोहताशिम राजा दानिश खान बिटटू वारसी टिक सैफी दीपक वर्मा गुल्लू वर्मा राजीव रस्तोगी विपिन रस्तोगी तौकीर सैफी सलमान खान शाहनवाज नदीम फिजा दानिश इब्राहिम शहरोज अख्तर यावर उपस्थित रहे।कस्बा सिरसी में तम्मू कश्मीर के पहलगाम में बेकसूर लोगोंं की हत्या करने का गुस्सा थम नहीं रहा है। इस कायरना हरकत की निंदा करते हुए आतंकियों पर कठोर कदम उठाने की मांग की। कस्बे की शिक्षण संस्थानों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने इस दु:खद घटना पर तीव्र प्रतिक्रियि देते हुए कठोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि बेकसूर पर्यटकों का कत्ल इंसानियत का कत्ल जैसा है। जिसकी जितनी निंदा की जाये कम है। लोगों ने इसे इंसानियत के खिलाफ उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि हमारी हमदर्दी मृतकों के परिजनां के साथ तथा घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की दुआ की। घटना की निंदा करने वालों में यूनिटि चिल्ड्रैन एकेडमी के शबीह अब्बास नकवी, एसबीएम डिग्री कॉलेज के काशिफ जाफरी, ए जी एम पब्लिक स्कूल के मौ. अजीम कुरैशी, सभासद खुर्शीद मलिक, पूर्व सभासद मौ. कासिद, हैंडी क्राफ्ट के शमीम अहमद सपा नेता तासीम खां, टी स्टाल के भूरा खां मिट कम्प्यूटर सेंटर के मौ. फहीम खां आदि शामिल रहे।

**0अभाविप ने आतंकवाद का पुतला दहन कर सरकार से की मांग**





सम्भल-पहलगाम की दर्दनाक घटना के विरोध में पतला दहन कर नारेबाजी करते अभाविप कार्यकर्ता व पुतला फूंकते पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष




सम्भल-आतंकवाद के विरोध में कैंडल मार्च निकालती महिलाएं।

## नारी उत्थान समिति ने कैंडल जलाकर आतंकवाद के सफाए की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सरायतरीन के मुहल्ला पीला खादाना स्थित नारी उत्थान समिति के कैम्प कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन व कैंडिंल जलाकर पहलगाम में हुई आतंकी घटना में मारे गए लोगों को श्रृद्वांजलि दी। इस दौरान समिति की अध्यक्ष सीमा आर्या ने घटना की कड़ी निंदा की। उन्होने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। हमारा पूरा देश इस घटना से दुखी है। हम तब भी एक थे जब गांधी के नेतृत्व में एक डंडे से अंग्रेजों को देश से बाहर निकाला जा रहा था, लेकिन आज हमारा देश नया भारत है। हमारे पास आतंकवादियों से निपटने के लिए तमाम संसाधन हैं। मुझे उम्मीद है हमारे देश की सरकार इस घटना का बदला जरूर लेंगी। उन्होंने कहा इस घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं। इस घटना पर हमारा पूरा देश दुखी है। सरकार से देश से आतंकवाद को जल्द से जल्द खत्म करने की मांग की। उन्होने कहा कि यह न केवल एक आतंकी हमला है, बल्कि पूरी इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। इस खबर से बेहद दुखी और हैरान हैं कि आखिर कोई इंसान किस मानसिकता से ऐसे वहशियाना काम को अंजाम दे सकता है।इस दौरान तरन्नुम अकील, दीपा शर्मा, रेखा आर्य, प्रीति शर्मा, संध्या वार्ष्णेय ,बबली आर्य, विमलेश आर्य, आशा आर्या, बबीता आर्या, आदेश आर्य, प्रेमवती, सोमा रानी, मिथलेश, जावित्री, रेनू, गीता, राजेश्वरी आदि महिलाएं मौजूद रही।

**0मृतकों को श्रद्धांजलि देकर की कड़ी निंदा**

## अप्रैल माह में गर्मी के तेवर हो रहे काफी तल्लख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गर्मी के तेवर इस बार बदले नजर आ रहे हैं। एक दिन पूर्व ही तापमान काफी अधिक पहुंच गया था। लेकिन सांय को हुई बारिश ने अंधड़ ने मौसम को ठंडा कर दिया था। लेकिन दूसरे दिन मौसम ने फिर अपने तेवर दिखाये।सुबह से ही अधिक गर्मी से लोग बेहाल होने लगे। तापमान का स्तर देखकर माना जाने लगा है कि इस बार गर्मी बुरी तरह रूलाकर रख देगी। जबकि हीट वेब जान लेवा भी साबित हो सकती है। जिस तरह से मौसम में बदलाव आता जा रहा है उससे इससे इसे एक सदी पूर्व पड़ी गर्मी वाला साल माना जाने लगा है। वर्तमान में पड़ रही गर्मी से भी इस वर्ष के संकेत अच्छे नहीं लग रहे हैं।

## विवेचना में बाधा पहुंचाने के आरोप में भाजपा नेता पर एक ओर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा नेता के भाई की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। जहां स्क्रैप फैक्ट्री पर छापेमारी कर उसकी तालेबंदी कर रिपोर्ट दर्ज की गई थी, तो वहीं पुलिस की विवेचना कार्यवाही में बाधा पहुंचाने और सरकारी नियमों का उल्लंघन कर दीवार फांदकर अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीते 18 मार्च को पुलिस ने कैला देवी थाना क्षेत्र के रझेड़ा सलेमपुर में संचालित भाजपा नेता कपिल सिंघल के भाई की स्क्रैप फैक्ट्री पर छापेमारी में भारी मात्रा में गाड़ियां के कटे हुए पुर्जे बरामद हुए थे। दस्तावेज नहीं दिखाने पर कपिल सिंघल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जबकि फैक्ट्री पर तालाबंदी कर दी थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही थी। फैक्ट्री परिसर में किसी भी प्रकार प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। बुधवार को उप निरीक्षक संदीप कुमार जब टीम के साथ निगरानी करने पहुंचे तो देखा कि गेट पर ताला तो लगा हुआ था लेकिन फैक्ट्री संचालक कपिल सिंघल द्वारा बिना किसी अनुमति के आदेश के विवेचनात्मक कार्यवाही को प्रभावित करने और पुलिस की निगरानी करने के लिए फैक्ट्री की दीवार अवैध रूप से फांदकर उसमें सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए। जबकि छापेमारी के दौरान कोई कैमरा लगा हुआ नहीं था। फैक्ट्री संचालक द्वारा पुलिस की विवेचनात्मक कार्यवाही को प्रभावित किया गया है तथा सरकारी आदेश का उल्लंघन करने और पुलिस की निगरानी करने के लिए बिना किसी अधिकार के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जहां कैला देवी थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में फैक्ट्री संचालक कपिल सिंगल के खिलाफ एक और मुकदमा पंजीकृत किया है।

**0दीवार फांदकर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आरोप**

### एसपी के पीआरओ को मिला हयात नगर थाने का प्रभार

## 14 निरीक्षक को सौंपे गए नए प्रभार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद की कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक की चली तबादला रेल में 14 निरीक्षकों को इधर से उधुर किया है जबकि दो उपनिरीक्षक को थाने का प्रभारी और एक उप निरीक्षक को चौकी प्रभारी से हटाकर स्वाट टीम के प्रभारी का दायित्व दिया गया।

जनपद में विभिन्न थानों और कोतवाली में तैनात निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों का पुलिस अधीक्षक ने तबादला किया है। एसपी की चली तबादला रेल में रजपुरा थ्काने के प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार को हटाकर बहजोई थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है जबकि नखासा कोतवाली के निरीक्षक पद पर तैनात गजेन्द्र सिंह को हटाकर प्रभारी निरीक्षक धनारी बनाया। प्रभारी कनरीक्षक थाना एएचटीयू एवं प्रभारी मानवाधिकार प्रकोष्ठ समेत कई प्रकोष्ठों का प्रभार सम्भाल रहे मेघपाल सिंह को बनियाठेर थाने का प्रभारी निरीक्षक का चार्ज दिया गया। सदर कोतवाली पर तैनत अनुज कुमार तोमर को हटाकर हजरत नगर गढ़ी थाने का प्रभारी निरीक्षक एवं अपराध शाखा के प्रभारी रजनीश कुमार को नखासा कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। इसके अलावा थाना साइबर क्राइम अमरीश कुमार को सदर कोतवाली सम्भल के प्रभारी निरीक्षक की कमान दी गई है। जबकि अपराध शाखा का प्रभार देख रहे संत कुमार को प्रभारी निरीक्षक जुनावई बनाया है। जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी संजीव कुमार को एचौड़ा कमबेह थाने का प्रभारी निरीक्षक एवं अपराध शाखाा में तैनात अमित कुमार को प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम तथा बहजोई थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा को जन शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाकर भेजा गया। थाना धनारी पर तैनात प्रभारी निरीक्षक बाबूराम गौतम का गैर जनपद के लिए तबादला होने पर उन्हे पुलिस लाइन भेजा तथा निरीक्षक पुष्पेन्द्र चौहान को अपराध शाखा थाना बहजोई से पुलिस लाइन तबादला किया गया। इसी के साथ निरीक्षक अपराधा थाना नखासा अमरपाल सिंह को थाना धनारी के निरीक्षक का प्रभारी बनाया। हजरत नगर गढ़ी थाने के प्रभारी मनोज कुमार को हटाकर थानाध्यक्ष रजपुरा और उपनिरीक्षक संजीव कुमार पीआरओ पुलिस अधीक्षक को हयात नगर का ाानाध्यक्ष एवं पुलिस चौकी सिरसी के प्रभारी बोविन्द्र कुमार को स्वाट टीम का प्रभारी बनाया है।

**0अमरीश कुमार को मिला सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक का चार्ज**



सम्भल- फर्जी निस्तारण के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन देते।

## शिकायत का फर्जी निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** डीएम के सख्त निर्देशों के बाद शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं का निस्तारण फर्जी रूप से किया जा रहा है। आरोप लगाते हुए फर्जी निस्तारण करने के आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी के विरूद्व वैद्यानिक कार्यवाही की मांग को ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

स्वयं सेवी संस्था के अध्यक्ष महंत भगवान दास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायत पत्रों का ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित कुमार व एडीओ पंचायत सुनील कुमार पर फर्जी निस्तारण करने का आरोप लगाया। समिति के लोगों ने फर्जी निस्तारण करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित कुमार तथा ए डी ओ पंचायत सुनील कुमार के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की साथ ही कार्यवाही नही होने पर संस्था के पदाधिकारी एक सप्ताह धरने पर बैठने को बाध्य होने की चेतावनी दी। ज्ञापन देते समय महंत भगवानदास शर्मा, विकट सिंह, महिपाल सिंह, राजीव शर्मा, ओमप्रकाश, जोगेंद्र, दिनेश अग्रवाल, मुन्ना, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, नितिन शर्मा एडवोकेट, राजन उपस्थित रहे।

**0 एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

## नगर में बनाए जाएंगे प्रवेश द्वार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्थानीय नगर निकाय एवं डूडा विभाग के कार्यों की समीक्षा मेंजल निकासी व प्राचीन कूपों के सौन्दर्यकरण पर चर्चा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वंदन योजना, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में जल निकास तथा तीर्थों एवं प्राचीन कूपों पर चर्चा करते हुए सम्भल नगर पालिका के अन्तर्गत तीर्थों एवं प्राचीन कूपों के सौन्दर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सूर्यकुण्ड, हर्ष तीर्थ, एवं नगर क्षेत्र के तीर्थों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को तीर्थ क्षेत्र के विकास के अन्तर्गत प्रवेश द्वारों के सुन्दर निर्माण की योजना तैयार करना सुनिश्चित करने और सौन्दर्यकरण के अन्तर्गत चौराहों को शामिल करने के लिए निर्देशित किया। चंदौसी नगर पालिका तथा बहजोई नगर पालिका तथा जनपद की नगर पंचायतों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीवरेज, एसटीपी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी आदि पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, नगर पालिका अध्यक्ष चंदौसी लता वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

**0नगर पालिका को योजना तैयार करने के निर्देश**

## गर्मी के साथ बिजली के भी तेवर हो रहे तीखे

**सम्भल।** बढ़ती गर्मी के साथ गर्मी के तेवर भी तीखे होते जा रहे है। किसी समय ट्रिपिंग होने लगी है।



सम्भल- ग्राम भमोरी पट्टी में अग्किांड में राख हुआ घर का सामान।

## संदिग्ध हालत में घर में लगी आग

### 2.50 लाख की नगदी, आभूषण व अन्य कीमती सामान जलकर राख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव में बंद कमरों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से 2. 5 लाख रुपए कैश, आभूषण, फ्रीज, कूलर, वाशिंग मशीन, बाइक,10 कुंटल अनाज व संदूक तथा सभी दस्तावेज जलकर राख हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा फायर ब्रिगेड सूचना पर 1 घंटे लेट पहुंची। घर में बेटी की शादी का रिश्ता तय करने के लिए घर में कैश रखा हुआ था तथा दोनों भाइयों के शादी के आभूषण भी घर में ही रखे हुए थे। साथ ही 3 कुंतल मेंथा तेल भी जल गया। इसके अलावा अनाज तथा अन्य घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया।

थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र नंदकिशोर गुरुवार दोपहर के समय घर से बाहर था। जहां उनके बेटे विनीत, सत्येंद्र तथा प्रमोद भी घर पर नहीं थे। उनकी एक बेटी सुनीता घर पर थी, जो घटना के समय घर के बाहर थी। सुनीता की शादी का रिश्ता तय करने के लिए घर में विजेंदर ने 2.5 लाख रुपए रख दिए थे। साथ ही घर के एक कमरे में उनके दो बेटे विनीत और सत्येंद्र की शादी के लाखों रुपए के आभूषण भी रखे हुए थे। इतना ही नहीं वहीं पर तीन कुंतल मेंथा तेल भी रखा हुआ था। कमरे में बेड, फ्रीज,कूलर, इनवर्टर, एक बाइक, अलमारी कीमती कपड़े, संदूक, 10 कुंतल गेहूं, घरेलू सामान कमरे में ही था। गुरुवार दोपहर को अचानक घर के कमरे में आग लग गई। जिससे सभी सामान जलकर राख हो गया। इतना ही नहीं बराबर में ही दूसरे कमरे को भी आगे चपेट में दे दिया जिसमें अनाज रखा हुआ था। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा स्थानीय पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंच गई। लगभग 1 बजे ायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। लेकिन 2 बजे तक फायर ब्रिगेड की मशीन मौके पर नहीं पहुंच सकी। स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सभी सामान जलकर राख हो चुका था।

**0पुलिस व ग्रामीणों ने पाया काबू**

हेतु संदिर्शित करने की सूचना ( साधारण प्रारूप )

**न्यायालय सिविल जज ( जू. ड़ि ) सम्भल।**

**मूलवाद सॅख्या 1014 सन् 2022**

मौहम्मद शारिक आ.ल. 33 वर्ष पुत्र स्व. खलील मिल नि. मौ. खग्गू सराय तह. व जि. सम्भल हाल नि. मौ. महमूद खां सराय तह. व जिला सम्भल।

**बनाम**

1. शकील अहमदआ. ल. 55 वर्ष, 2. अकील अहमद आ. ल. 52 वर्ष, 3. वसीम अहमद आ. ल. 48 वर्ष, 4. फहीम अहमद आ. ल. 45 वर्ष पुत्रगण स्व. खलील अहमद,5.कु. तबस्सुम आ. ल. 36 वर्ष पुत्री स्व. खलील अहमद, 6. श्रीमती महरून निशा आ. ल. 85 वर्ष पत्नी स्व. खलील अहमद निवासीगण मौहल्ला खग्गू सराय निकट परियो वाला मंदिर तह. व जिला सम्भल,7. श्रीमती नाजिया आ. ल. 30 वर्ष पत्नी श्री डा. अजहर पुत्री स्व. खलील अहमद निवासनी खुर्जा रोडवेज के पीछे जिला बुलंदशहर।

चॅकि उपर्रिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में वास्ते तकसीम व निषेधाज्ञा हेतु डिक्री आवेदित किया गया है कि प्रतिवादी अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 05 के दिवस 23 को 10.30 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐंसा करने में असफल रहने पर उक्त निषेधाज्ञा व तकसीम का वाद एकपक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के माह 5 25 दिवस को निकाली गई।

**आज्ञानुसार लिपिक**
**सिविल जज ( जू.डि. ) सम्भल**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद,सम्भल**

पत्र संख्या:- 99/स्वा.वि./2025 — दिनांक:-19-04-2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

15वॉं वि. आ. के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की ई-निविदा दिनांक 02.05.2025 को 01:00 PM बजे तक ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो की निविदा डाल सकता है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्यन कर लें।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 23.04.2025 10.00 AM | 02.05.2025 01.00 PM |
| 02- | | Tender Download | 23.04.2025 10.00 AM | 02.05.2025 01.00 PM |
| 03- | | Bid Submission | 23.04.2025 10.00 AM | 02.05.2025 01.00 PM |
| 04- | Close Bid | | | |
| 05- | Bid Openining | | 02.05.2025 02.00 PM | |

वेबसाइड http://etender.up.nic.inपर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल

# पहलगाम आतंकी हमले पर रावर्ड वाड्रा के बयान का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम की बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले में २8 हिन्दू पर्यटकों की मौत पर कांग्रेस नेता रॉबर्ट वाड्रा द्वारा दिए गए विवादित बयान के विरोध स्वरूप नगर चन्दौसी के डिस्पेंसरी रोड़ स्थित पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी के आवास पर गुरुवार को भाजपाईयों द्वारा रॉबर्ट वाड्रा के चित्र पर जूतों-चप्पलों को दिखाते हुए आक्रोशित रूप में प्रदर्शन किया। पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में देश आतंकी हमले से हताहत है। ऐसे समय में कांग्रेस नेता रॉबर्ट वाड्रा द्वारा दिया गया बयान पूर्णत: निंदनीय है, जिस प्रकार धर्म के आधार पर आतंकियों ने २८ लोगों को मार डाला और रॉबर्ट वाड्रा को उन मृतकों से नहीं आतंकियों से हमदर्दी है। भाजपा नेता राजकुमार ठाकरे ने कहा कि यह आतंकवादी घटना नहीं यह हिन्दुओं पर जिहादी हमला है, क्योंकि पर्यटकों



से नाम पूछ कर, कलमा पढ़ने को कहकर और कपड़े उतार कर उनको मारना हिन्दू नरसंहार कहलाएगा। ऐसी स्थिति में वाड्रा द्वारा मृतकों के प्रति सहानुभूति दिखाने के बजाय एक मजहब विशेष की आड़ में आतंकियों को कवर फायर देने का काम घृणित व निंदनीय हैं। व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि इस समय पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के साथ खड़ा है। ऐसे समय पर इनका बयान देश को तोड़ने वाला है। इस गंभीर मुद्दे का राजनीतिक ध्रुव.ीकरण नहीं होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी, भाजपा नेता राज. कुमार कश्यप ठाकरे, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, डा. अमित वार्ष्णेय, सभासद तरुण नीरज, राजू चढ्ढा, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, मोहित दिवाकर, मनोज वार्ष्णेय डब्बू, अभिनव शर्मा, हरीश गुप्ता, पूरन ठाकुर, मयूर वार्ष्णेय, चिरंजी दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार गुरुवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक समस्त तहसीलदार (तहसील संभल, चंदौसी व गुन्नौर) एवं बिजली विभाग के समस्त एस.डी.ओ जनपद संभल के साथ आयोजित की गयी जिसमें प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद, वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवाद, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद से संबंधिक मुद्दे तथा सार्वजिनक उपयोगिता बिलों जैसे बिजली या पानी से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह-समझौतों के माध्यम से निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नायब तहसीलदार गुन्नौर उदयवीर सिंह, तहसील चंदौसी धीरेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार संभल रवि सोनकर, एस.डी.ओ. बहजोई अखिलेश कुमार, एस.डी.ओ. पंवासा मनोज कुमार यादव, एस.डी.ओ. संभल कृष्णगोपाल, एस.डी.ओ. एस.डी.ओ. धनारी बबराला मुनेश्वर दयाल, एस. डी.ओ. गुन्नौर सूर्यकांत शर्मा, एस.डी.ओ. चंदौसी अजय कुमार चौरसिया आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चन्दौसी अर्चना सिंह प्रथम द्वारा दी गयी।

## एक नजर

### हज के टीकाकरण से वंचित हज यात्री जिला प्रतिरक्षण अधिकारी कार्यालय में कराए अपना टीकाकरण

**मुरादाबाद।** वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले यात्रियों के प्रथम चरण के टीकाकरण हेतु दिनांक 19.04.2025 एवं द्वितीय चरण हेतु दिनांक 22.04.2025 निर्धारित की गई थी जिसमें हज यात्रियों का टीकाकरण कराया जा चुका हैं। शेष हज यात्रियों के टीकाकरण हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 23.04.2025 निर्धारित की गई थी जिसमें अवशेष अवशेष हज यात्रियों का टीकाकरण कराया जा चुका है। उक्त के उपरान्त भी यदि कोई हज यात्री टीकाकरण से वंचित रह गये हैं तो वह सिविल लाइन्स थाने के निकट स्थित जिला प्रतिरक्षण अधिकारी कार्यालय में अपना टीकाकरण करा सकते है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीकाकरण कराने हेतु हज यात्री कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, विकास भवन मुरादाबाद में पजीकरण कराने के उपरान्त स्वास्थय/टीकाकरण कार्ड प्राप्त कर कार्यालय जिला प्रतिरक्षण अधिकारी निकट थाना सिविल लाइन्स, मुरादाबाद में अपना टीकाकरण करायें। टीकाकरण कराने हेतु कवर नम्बर एवं आई०डी० साथ लाना अनिवार्य है।

### रसूलपुर बिजली घर चालू कराने के लिए मेरठ तक के अधिकारियों ने उमरी में डाला डेरा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रसूलपुर बिजली घर से जुड़े क्षेत्र की बिजली चालू कराने के लिए आज मेरठ तक के अधिकारियों ने उमरी में डेरा डाल दिया अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार तक विद्युत सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी बतादे की 18 तारीख को आए तूफान के कारण भारी नुकसान हुआ जिससे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई रसूलपुर बिजली घर से जुड़े क्षेत्र में तूफान ने भारी तबाही मचाई खंभे टूट गए पेड़ों ने विद्युत लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया नगर पंचायत और बिजली विभाग की मशक्कत से कई दिन की मेहनत के बाद भी बिजली चालू नहीं हो पाई आज अधिशासी अभियंता मुरादाबाद से उमरी पहुंचे इसके साथ-साथ मेरठ से भी बिजली विभाग के आला अधिकारी उमरी पहुंचे और आसपास की नगर पंचायतों से भी कर्मचारियों की टीम को लगाकर युद्ध स्तर पर काम शुरू कराया गया।





बताया गया कि आज नवादा से शाहपुर तक के लाइनों के किनारे खड़े पेड़ों को कटवा दिया। वन विभाग ने पेड़ों को काटे जाने में सहयोग करने से इनकार करने पर इस काम में और देरी हुई उधर हाजी उस्मान का कहना था कि मेरठ से आए बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगर पंचायत द्वारा कुछ इमरजेंसी लाइट खरीदवाकर रात को भी बिजली लाइन पर काम कराए जाने की व्यवस्था की है। इसलिए शुक्रवार की रात तक बिजली सुचारू होने की पूरी संभावना उन्होंने जताई है।

### महिला ने मारपीट करने वालों पर कराई एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना कांठ क्षेत्र के गांव सिरसा ठाट निवासी विजेन्द्री पत्नी चन्द्रपाल का कहना था कि २३ अप्रैल को शाम ०७:३० बजे मेरे देवर संजय पुत्र गजराम सिंह, संकेश पत्नी संजय ने मिलकर उसके साथ वह व उसके जिठोत पंकज पुत्र रामकेश के साथ मारपीट व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। जिसमे पंकज के काफी चोट आयी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पहलगाम आतंकी हमले में मरे हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में आतंकवादी हमले में बेकसूर, निहत्थे लोगों की धर्म पूंछकर हत्या करने की कायराना वारदात को लेकर शोकसभा एवं निर्दोष मृतक पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए सभी ने कामना करते हुए परिवार जनों के लिए धैर्य प्रदान करने को ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र रहे। शोक सभा की अध्यक्षता डा० महेश कुमार गुप्ता ने की व संचालन डा० अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। शोकसभा को संबोधित करते हुए कवि माधव मिश्र ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों पर कायराना हमला कर छब्बीस से ज्यादा लोगों को मार दिया, जिसके लिए आतंकवादी संगठनों के साथ पाकिस्तान जिम्मेदार है क्योंकि हमले से कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने कश्मीर के ऊपर गलत बयानी कर अपने मंसूबों को उजागर कर दिया




था, वहीं आतंकवादियों के सरगना सैफुद्दीन ने कश्मीर पर जहर उगला था। आतंकवादियों को पाल पोस कर पाकिस्तान की आईएसआई भारत को लगातार निशाना बनाती रही है। चाहें संसद पर हमला हो या फिघ्र २६/११को मुंबई का हमला या फिर पुलवामा में हुआ हमला। इस बार आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर हमला गंभीर है वह निहत्थे थे, निर्दोष थे उनमें एक की शादी फिलहाल ही हुई थी जिसे गोली मारकर उसकी पत्नी से कहा गया कि अपने आका को जाकर बताओ यह भारत सरकार के लिए चुनौती है। बीते कल सरकार ने पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद किया है, लेकिन दुष्ट पाकिस्तान इतने से बाज नहीं आने वाला अब तो घुस कर आतंकवादी सरगना सैफुद्दीन को मार गिराने की जरूरत है। भिखारी पाकिस्तान को बड़ा सबक सिखाने की हम सब इस शोक सभा में भारत सरकार से मांग करते हैं। सभी मृतकों को भाव भीनी श्रद्धांजलि देते हुए परिवार जनों को धैर्य की कामना करते हैं। इस दौरान डा० महेश कुमार गुप्ता, डा० अरविन्द कुमार गुप्ता, डा० निशा गुप्ता, डा० नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, हिमांशु यादव, विकास यादव, अवधेश कुमार, संतोष, अफजल खां, शिवानी, प्रियंका, सपना, शोभा देवी, विवेक अरविंद सागर, मोअज्जम अली, रमेश चन्द्र, निरंजन सिंह, काजल, लक्ष्मी, नीतू, मीरा, मनवीर सिंह, रामचरण, अंकित कुमार, विवेक कुमार, वीरेश कुमार, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## टीएमयू में कल से शुरू होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स, चैलेंजेस इश्यू एण्ड प्रैक्टिस एसडीजी-सीआईपी' पर होगी वैश्विक चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के प्रबंधन संस्थान टिमिट द्वारा 25 अप्रैल 2025 से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ होने जा रहा है। यह सम्मेलन सस्टेनेबल डेवलपमें टगोल्स, चौलेंजेस इश्यू एण्ड प्रैक्टिस (एसडीजी -सीआईपी २०25 विषय पर आधारित है, जिसका आयोजन विश्वविद्यालय के अभ्यास गृह (ऑडिटोरियम) में किया जाएगा। सम्मेलन प्रतिदिन प्रात: 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) पर वैश्विक स्तर पर संवाद स्थापित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ जल और ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन से निपटना, सतत शहरी विकास और वैश्विक साझेदारी जैसे




महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में देश-विदेश से अनेक शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नीति- निर्माताओं की सहभागिता होगी। विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिभागी अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे तथा सतत विकास से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने आज आयोजित प्रेस मीट के माध्यम से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए बताया कि अब तक इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए देश और विदेश से कुल 468 शोध-पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो इसके व्यापक प्रभाव और गुणवत्ता को दर्शाता है।

## महिला ने मारपीट करने वालों पर कराई एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना कांठ क्षेत्र के गांव सिरसा ठाट निवासी विजेन्द्री पत्नी चन्द्रपाल का कहना था कि २३ अप्रैल को शाम 07:30 बजे मेरे देवर संजय पुत्र गजराम सिंह, संकेश पत्नी संजय ने मिलकर उसके साथ वह व उसके जिठोत पंकज पुत्र रामकेश के साथ मारपीट व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। जिसमे पंकज के काफी चोट आयी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**कुंदरकी।** गुरुवारको गांधी नगर नानपुर पब्लिक स्कूल, में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 की रीनी चौधरी , श्रद्धा चौधरी व अंशी रानी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को अपने पोस्टर के माध्यम से भाव -भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में हुआ मूट कोर्ट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज चन्दौसी में गुरुवार को सत्र 2024-25 का मूटकोर्ट आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष चन्दौसी बार एसोसिएशन मौ. नजर कुरैशी एड., चन्दौसी बार एसोसिएशन के सचिव गोयल एड., राजीव कुमार शर्मा एड. तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डा० मनोज कुमार गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि मौ. नजर कुरैशी ने बताया कि विधि विद्यार्थी के लिए मूट कोर्ट बहुत ही महत्वपूर्ण है, यह विद्यार्थी के आत्मविश्वास को बढ़ाता है। चन्दौसी बार एसोसिएशन के सचिव सचिन गोयल एड. ने बताया कि विधि व्यवसाय पेश करना चाहिए। पैनल अधिवक्ता विनय राज ने बताया कि यदि विद्यार्थी आभासीय न्यायालय में अपने मामले को सफलतापूर्वक रखता है तो यह उसके लिये भविष्य में बहुत महत्वपूर्ण होगा एवं विद्यार्थी को सहनशील होना




आवश्यक है। मूट कोर्ट विषय के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की ओर से दिये गये तीन प्रकरणों अपराधिक, सिविल, उपभोक्ता संरक्षण से सम्बन्धित पर कार्य एवं प्रस्तुतिकरण तैयार करके पैनल अधिवक्ता एवं मुख्य अतिथि मौ. नजर कुरैशी एड. तथा पैनल अधिवक्ताओं के समक्ष तर्क प्रस्तुत किये। इसी क्रम में लगभग २० छात्र-छात्राओं ने मुकदमें के सम्बन्ध में अभियोजन पक्ष एवं अभियुक्त पक्ष की ओर से बहस एवं नजीरे पेश किये। तत्पश्चात् प्राचार्य डा० मनोज कुमार गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं पैनल अधिवक्ताओं को कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह् भेंट किये। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान मूटकोर्ट समन्वयक डा० अजीत सिंह, तपस्या यादव, अनन्या रस्तोगी, आज्ञा रस्तोगी, फईम, राज. कुमार, अरिवा, कनक, खुशबू, संदीप, सचिन, अमनदीप, सोनी सैनी, निशा यादव, नितिन गंगवार, शरद त्यागी, भारती गुप्ता, मुस्कान रुहेला, कौशल सैनी, आशुतोष गुप्ता, दानवीर, किशोर आदि का सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी ने की आईजी आरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

**चन्दौसी।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा विभागों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक, आईजीआरएस तथा हैल्प लाइन में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारी स्पेशल क्लोज को लेकर कारण को स्पष्ट लिखें। इस माह 05 संदर्भों में फीडबैक असंतुष्ट मिला जिनको लेकर जिलाधिकारी ने नारा. जगी व्यक्त की और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संज्ञान में लाई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अतहर व पुत्रवधू श्रीमती अलका को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद जफर पुत्र मुश्ताक निवासी भोजपुर गुलाबबाड़ी वार्ड नंबर-15 कस्बा व थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद, हाल निवासी मदीना मस्जिद के पास ब्लॉक रोड खताडी थाना रामनगर रेंज नैनीताल।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र बंटी सागर व पुत्रवधू श्रीमती अनुराधा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों, कोल फेल, लेनदेन आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। कैलाश सिंह पुत्र श्री देवी सिंह निवासी ग्राम ईधनपुर नगला उर्फ रामपुर मेगन, थाना कुंदरकी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर होगी सीबीसी की जांच

**कांठ( शाह टाइम्स )** जनपद के 26 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत ५० से ज्यादा केंद्रों पर सीबीसी जांच की सुविधा शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने मशीनें लगा दी हैं और इनका परीक्षण भी सफलतापूर्वक कर लिया गया है। वायरल बुखार या अन्य संक्रमण की जांच के लिए अब लोगों को जिला अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की सीबीसी (कंप्लीट ब्लड काउंट) जांच हो जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पहली वार सीबीसी जांच मशीनें पहुंची हैं। सीबीसी मशीन से प्लेटलेट्स, एचबी, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी आदि की जांच आसानी से हो पाएगी। जिला अस्पताल व सीएचसी में यह सुविधा पहले से उपलब्ध है। वहीं निजी पैथोलॉजी लैब पर जांच के लिए मरीजों को २२० रुपये देने पड़ते हैं। मौसम में बदलाव के कारण वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। स्थिति यह हैं कि जिला अस्पताल में रोजाना १५० से २०० मरीजों की सीबीसी जांच हो रही है। गांवों से लोग जांच के लिए यहां पहुंच रहे हैं।पीएचसी स्तर पर सीबीसी जांच की सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों को फायदा मिलेगा। यहां तक कि डेंगू के लक्षणों का भी पता चल सकेगा। प्लेटलेट्स की जांच भी पीएचसी पर हो जाएगी। अब तक पीएचसी पर सिर्फ ब्लड शुगर, हीमोग्लोबीन, एचआईवी, हेपेटाइटिस, मलेरिया आदि की जांच होती थी।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

**पत्रांक:**- 270/आंकिक/ठे.पंजी./2025-26 **दिनांक:**- 24.04.2025

**-::प्रेस विज्ञप्ति::-**

सर्वजन को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा मे क्षेत्र पंचायत योजना के अन्तर्गत ठेकेदार हेतु पंजीकृत एवं नवीनीकरण दिनांक 24.04.2025 से दिनांक 08.05.2025 तक खोले जाते है जो कि इच्छुक ठेकेदार फर्म आवेदन करना चाहता है वह निश्चित अवधि के अन्दर अपना आवेदन शुल्क अकंन-1000.00 रूपये (18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित) कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकता है आवेदन के लिये शर्ते निम्न प्रकार है।

1. अकंन-50000/- (पचास हजार रूपये मात्र) की एफ०डी०आर० जोकि खण्ड विकास अधिकारी भगतपुर टाण्डा के पदनाम से बन्धक हो।
2. जिलाधिकारी महोदय, द्वारा जारी हैसियत प्रमाण-पत्र।
3. जिलाधिकारी महोदय, द्वारा जारी चरित प्रमाण-पत्र, जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाण-पत्र, श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण-पत्र, विद्युतीकरण कार्यो के लिये उत्तर प्रदेश विधुत सुरक्षा परिषद के अनुमोदित लाईसन्स की छाया प्रति एंव इस आश्य का शपथ पत्र देना होगा कि प्रार्थी एवं प्रार्थी का कोई सगा सम्बन्धी विकास खण्ड मे जन प्रतिनिधि एंव कर्मचारी नही है तथा प्रस्तुत किये गये समस्त अभिलेख असत्य पाये जाते है तो फर्म के पंजीकरण को निरस्त करते हुये विभाग विधिक कार्यवाही करने को स्वंतत्र होगा।

**नोट-समस्त अभिलेखो की छाया प्रति नोटरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।**

**( अमर सिंह )**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

**प्रधानाध्यापक / इंचार्ज प्रधानाध्यापक:- निम्नांकित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/ कम्पोजिट विद्यालय**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्र संख्या एस0एस0ए0 / ज0भ0 / 11435—40 / 2024—25 दिनांक 22.02 2024—25 दिनांक 22.02.2025, एस0एस0ए0 / ज0भ0 / 11534—41 / 2024—25 दिनांक 28.02.2025 एवं एस0एस0ए0 / ज0भ0 / द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियंत्राणाधीन परिषदीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / कम्पोजिट समिति द्वारा निम्न विवरणानुसार की जानी हैं

| क्र०स० | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | नीलामी हेतु द्वितीय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | PS KUVRI MANAK | 94000 | 9400 | 28.04.2025 |
| 2 | PS KANOBI | 18000 | 1800 | 28.04.2025 |
| 3 | JHS PAHARPUR COMPOSITE | 226000 | 22600 | 28.04.2025 |
| 4 | JHS BAHADURPUR COMPOSITE | 43000 | 4300 | 28.04.2025 |
| 5 | PS BEHTA SARTHAL | 32000 | 3200 | 28.04.2025 |
| 6 | JHS KANYA SARTHAL COMPOSITE | 152000 | 15200 | 28.04.2025 |
| 7 | JHS SARTHAL | 195000 | 19500 | 29.04.2025 |
| 8 | PS NAGLA GUJAR | 98000 | 9800 | 29.04.2025 |
| 9 | PS IMRATPUR SEODARA | 168202 | 16820 | 29.04.2025 |
| 10 | JHS KHATA | 225075 | 22508 | 29.04.2025 |
| 11 | PS BAGPURA | 117030 | 11703 | 29.04.2025 |
| 12 | PS CHODHARPUR | 76378 | 7638 | 29.04.2025 |
| 13 | PS TURKHERA | 36399 | 3640 | 30.04.2025 |
| 14 | PS CHANGERII | 174350 | 17435 | 30.04.2025 |
| 15 | PS JATPURA JHARU | 94000 | 9400 | 30.04.2025 |
| 16 | JHS SUJANPUR COMPOSITE | 236000 | 23600 | 30.04.2025 |
| 17 | PS KHASEPUR | 97000 | 9700 | 30.04.2025 |
| 18 | JHS ARJUNPUR URF SAIFPUR JAGNA COMPOSITE | 74000 | 7400 | 30.04.2025 |
| 19 | PS CHIDIYA BHAVAN | 36000 | 3600 | 01.05.2025 |
| 20 | JHS NAMANI UDAIYA COMPOSITE | 110000 | 11000 | 01.05.2025 |
| 21 | JHS ALLAHADPUR DEVA COMPOSITE | 102000 | 10200 | 01.05.2025 |
| 22 | JHS SATARAN | 135000 | 13500 | 01.05.2025 |
| 23 | PS NAGALIYA JADID | 96000 | 9600 | 01.05.2025 |
| 24 | JHS DEVRI | 239000 | 23900 | 01.05.2025 |
| 25 | PS DINORA | 86000 | 8600 | 02.05.2025 |
| 26 | JHS MOHAMAD IBRAHIMPUR COMPOSITE | 240000 | 24000 | 02.05.2025 |
| 27 | JHS MOHAMAD IBRAHIMPUR COMPOSITE | 109000 | 10900 | 02.05.2025 |
| 28 | JHS NAGALIYA JAT | 221842 | 22184 | 02.05.2025 |
| 29 | JHS KHABRI ABBAL COMPOSITE | 78863 | 7886 | 02.05.2025 |
| 30 | JHS JALALPUR | 208130 | 20813 | 02.05.2025 |
| 31 | PS DHARAMPUR KALAN | 33661 | 3366 | 05.05.2025 |
| 32 | PS SAMATHAL | 84561 | 8456 | 05.05.2025 |
| 33 | PS PALIA | 106537 | 10654 | 05.05.2025 |
| 34 | JHS JASRATPUR COMPOSITE | 74530 | 7453 | 05.05.2025 |
| 35 | PS SAID NAGAR URF NAYA GAON | 89652 | 8965 | 05.05.2025 |

1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति/फर्म नीलामी के दिनांक को कालम नम्बर 4 में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभा
एक से अधिक जर्जर विद्यालयों की नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। 3. जर्जर भवन की नीलामी का स्थान सम्बंधित विद्यालय
समय प्रथम बोली विद्यालय के सम्मुख कालम 3 में अंकित धनराशि से प्रारम्भ होगी। 5. अधिकतम बोली दाता को उसी समय अ
धनराशि विद्यालय के प्रबंध समिति खातें में जमा करनी होगी, धनराशि जमा करने की पुष्टि के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश दिय
जमा न करने पर धरोहर की धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा पुनः नीलामी की जायेगी। 7. नीलामी से पूर्व बोली दा
में भौतिक रूप से देख सकता है। 8. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के साथ दस दिवस के अंदर जर्जर भवन को ध्वस्त कर अ
स्थान वाली भूमि को समतल करना होगा। 9. असफल बोली दाता की धरोहर राशि नीलामी उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
अंतिम निर्णय ही मान्य होगा। 11. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद मुरादाबाद होगा। 12. नीलामी हेतु अन्य नियम व शर्तें
प्रधानाध्यापक से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधानाध्यापक / इंचार्ज प्रधानाध्यापक**
**उपरोक्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/ कम्पोजिट विद्यालय, विकास खण्ड बिलारी (मुरादाबाद)**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)

पत्रांक:– 39 / न0पा0परि0बि0 / 2025–26 दिनाँक: 24.04.2025

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 128(1) (13) (ख) के साथ पठित अधिनियम की धारा 296 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एवं पूर्व में इस निकाय में प्रचलित निम्नलिखित लाईसेन्स उपविधियों की दरों व नियमों में संशोधन करते हुए नगर पालिका परिषद, बिलारी जनपद मुरादाबाद की सीमांतर्गत अलग–अलग करों एवं लाईसेंस शुल्क की दरों के निर्धारण व उनकी वसूली के लिए निम्नलिखित उपविधियाँ बनायी गयी हैं। इस उपविधि से जिस किसी संस्था/सरकारी विभाग तथा व्यक्तियों/व्यापारियों पर प्रभाव पड़ने की संभावना है, वे सभी प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंतर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी में सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद प्राप्त सुझाव/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**संशोधित उपविधियाँ**

नियमावली–

1– यह उपविधियाँ/नियमावलियाँ नगर पालिका परिषद, बिलारी जनपद मुरादाबाद की कहलायेंगी।

2– परिभाषाएँ– जब तक कि विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न हो, इन उपविधियाँ/नियमावलियाँ में–

(क)– अधिनियम का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (भाग–2) से हैं।

(ख)– "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, बिलारी के "अधिशासी अधिकारी" से है अथवा उनकी अनुपस्थिति में वह अधिकारी, जो उनके कार्य के लिए प्रभारी/नियत किया गया है।

(ग)– "बोर्ड" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, बोर्ड बिलारी अथवा निर्वाचित बोर्ड न होने की स्थिति में "प्रशासक" से है।

(घ)– "अध्यक्ष" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, बिलारी के "अध्यक्ष" से है अथवा निर्वाचित बोर्ड/अध्यक्ष के न होने की स्थिति में प्रशासक द्वारा नियत कोई (प्रशासकीय अधिकारी) "प्रभारी अधिकारी" से है।

(ड़)– "स्वामी" से तात्पर्य नगर पालिका परिषद, बिलारी (जनपद मुरादाबाद) की सीमांतर्गत अथवा उसके अधीन रख–रखाव में हो तथा उसके अंतर्गत वह निम्नलिखित दी गयी मदों के दायरें में आता हो, से है।

(च) "कर" व "शुल्क" का तात्पर्य, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 (भाग–2) की धारा 128 में यथा परिभाषित एवं कथित अधिनियम की धारा 34 (ख) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, बोर्ड बिलारी द्वारा संशोधित अथवा निर्धारित मदों पर दरों से है।

(छ) "भवन अथवा अधिष्ठान एवं परिसर" का तात्पर्य, वह स्थल, जहां निम्नलिखित उपविधियों में दी गयी मदें आती हों और वहां पर तथाकथित व्यापार या कार्य किया जाता हो।

3– नगर पालिका परिषद, बिलारी जनपद मुरादाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (भाग–2) की धारा 298/299 एवं 34 (ख) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, बिलारी द्वारा पारित प्रस्ताव अनुसार अधिनियम की धारा 128 (1) के अंतर्गत निर्धारित किया गया है, जो प्रत्येक तथाकथित अधिष्ठानों/व्यापार/वाहनों पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष (01 अप्रैल से 31 मार्च) के लिए लागू रहेगें।

4– कर अधिकारी/लाईसेन्सिंग अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिलारी के अधिशासी अधिकारी अथवा जिसे वह अधिकृत करें। कर अधिकारी/ लाईसेन्सिंग अधिकारी होगा।

5– प्रत्येक उपविधियों में उल्लिखित मदों को लाईसेंस प्रत्येक आगामी वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने से पूर्व निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर एवं उसकी स्वीकृति हो जाने के उपरांत निर्धारित शुल्क अदा करके जारी किया जायेगा।

6– निम्नलिखित उपविधियों में दी गयी मदों/कार्य/वाहनों आदि के निरीक्षण अधिकारी लाईसेन्सिंग अधिकारी अथवा जिसे वह अधिकृत करें, को होगा।

**निम्नलिखित उपविधियों में अलग–अलग दी गयी मदों पर निर्धारित की गयी दरें एवं नियम इस प्रकार होगें**

| क्रमांक | मद का नाम | वर्तमान में प्रचलित दरें | बोर्ड द्वारा प्रस्तावित/संशोधित दरें | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | होटल/लॉजिंग तथा गेस्ट हाउस एवं बारात घर | 667.00 रू० प्रतिवर्ष | 1500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 2 | तीन सितारा होटल | 6000.00 रू० प्रतिवर्ष | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 3 | पाँच सितारा होटल | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | 10000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 4 | नर्सिंग होम (20 बैड तक) | 1400.00 रू० प्रतिवर्ष | 5000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 5 | नर्सिंग होम (20 बैड से ऊपर) | 3400.00 रू० प्रतिवर्ष | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 6 | प्रसूति ग्रह (20 बैड तक) | 2700.00 रू० प्रतिवर्ष | 6000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 7 | प्रसूति ग्रह (20 बैड से ऊपर) | 3400.00 रू० प्रतिवर्ष | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 8 | प्राईवेट अस्पताल | 3400.00 रू० प्रतिवर्ष | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 9 | पैथोलॉजी सेंटर | 667.00 रू० प्रतिवर्ष | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 10 | एक्स रे क्लीनिक | 1400.00 रू० प्रतिवर्ष | 3000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 11 | डेंटल क्लीनिक | 2100.00 रू० प्रतिवर्ष | 2700.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 12 | प्राईवेट क्लीनिक | 2000.00 रू० प्रतिवर्ष | 5000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 13 | ऑटो रिक्शा (02 सीटर) | 240.00 रू० प्रतिवर्ष | 500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 14 | ई–रिक्शा (06 सीटर)/ ऑटो रिक्शा (04 सीटर) | 270.00 रू० प्रतिवर्ष | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 15 | मिनीबस | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | 1500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 16 | बस | 1700.00 रू० प्रतिवर्ष | 3500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 17 | हाथ ठेला | 17.00 रू० प्रतिवर्ष | 100.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 18 | फाईनेंस कम्पनी चिट फंड | 4000.00 रू० प्रतिवर्ष | 10000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 19 | इंश्योरेंस कम्पनी प्रति शाखा | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | 12000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 20 | पशु वधशाला (स्लाटर हाउस) | 17.00 रू० प्रति पशु | 50.00 रू० प्रति पशु | – |
| 21 | हड्डी खाल गोदाम | 667.00 रू० प्रतिवर्ष | 5000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 22 | बार/ वियर की दुकान | 4000.00 रू० प्रतिवर्ष | 10000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 23 | आईस फैक्ट्री | 67.00 रू० प्रतिवर्ष | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 24 | बिल्डर्स (रजिस्टर्ड) | 3400.00 रू० प्रतिवर्ष | 10000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 25 | देशी शराब (प्रति दुकान) | 4000.00 रू० प्रतिवर्ष | 10000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 26 | विदेशी शराब (प्रति दुकान) | 8000.00 रू० प्रतिवर्ष | 15000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 27 | भैंसा मांस की दुकान | 200.00 रू० प्रतिवर्ष | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 28 | बकरा, सुअर, मुर्गा, मछली मांस की दुकान | 400.00 रू० प्रतिवर्ष | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 29 | पेट्रोल पम्प | 2000.00 रू० प्रतिवर्ष | 10000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 30 | प्रिंटिंग प्रेस | – | 2000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 31 | मेडिकल स्टोर | – | 1200.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 32 | वर्कशॉप (ऑटो मोबाईल) | – | 2500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 33 | टैंट हाउस | – | 2000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 34 | भोजनालय | – | 1200.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 35 | रेस्टोरेंट | – | 2500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 36 | टेलरिंग शॉप | – | 250.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 37 | हेयर कटिंग शॉप | – | 250.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 38 | ड्राईक्लीन शॉप | – | 1000.00 रू० प्रतिवर्ष | – |
| 39 | अन्य दुकान, जिनका उल्लेख नहीं है– | – | 500.00 रू० प्रतिवर्ष | – |

शास्ति/दण्ड– उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम (भाग–2) की धारा 299 (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए नगर पालिका परिषद, बिलारी जनपद मुरादाबाद यह आदेश देती है कि उपरोक्त किसी भी नियम का उल्लंघन करने या निर्धारित शुल्क जमा कर लाईसेंस नगर पालिका परिषद, बिलारी से न बनवाने पर उपरोक्त निर्धारित शुल्क का 10 गुना तक अर्थदंड का भागी होगा तथा निरंतर उल्लंघन पाए जाने पर प्रथम बार दण्डित होने के दिनांक से अगली दिनांक से अंकन– 20.00 रू० से अंकन– 100.00 रू० अतिरिक्त अर्थदंड का भागी होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलारी (मुरादाबाद)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलारी (मुरादाबाद)**

# टीएमयू कैंपस में मेडिकल छात्रों का आतंकी हमले के विरुद्ध कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ऑल आइज ऑन पहलगाम के बैनर तले पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च कॉलेज की ओर से आक्रोशित स्टुडेंट्स ने कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च मेडिकल कॉलेज से आरम्भ होकर जिनालय, प्रशासनिक भवन, पवेलियन होते हुए मेडिकल कॉलेज जाकर समाप्त हुआ, जहां मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। कैंडल मार्च के दौरान स्टुडेंट्स ने वंदे मातरम, भारत माता की जय, वी स्टैंड टुगेदर, अमर रहेंगे... अमर रहेंगे... देश के लोग अमर रहेंगे..., देश के गद्दारों को... गोली मारो..गोली मारो... जस्टिस फॉर पहलगाम विक्टिम सरीखे नारों से कैंपस गूंज उठा।

गुस्साए स्टुडेंट्स हाथों में पहलगाम अटैक पर प्रहार करने वाले पोस्टर्स आदि लिए थे। श्रद्धांजलि सभा में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, प्रो. आशुतोष कुमार की उल्लेखनीय




मौजूदगी रही। एमबीबीएस के स्टुडेंट्स– हर्ष कौशिक, अमूल त्यागी, शाश्वत मिश्रा, ऋषभ सिंह, सत्याम वार्ष्णेय, हर्षित शर्मा, अभय पांडेय, अभिनव राव ने पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, आतंकवादियों का यह हमला कायराना है। दो दर्जन से अधिक बेकसूर पर्यटकों की मौत से कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक उबाल है। मेडिकल स्टुडेंट्स ने केंद्र सरकार से कहा, कश्मीर में प्रोटेक्शन को ओर मजबूत किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार को आतंकवाद के विरुद्ध ठोस सख्त फैसले लेने चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रुद्रांश भारद्वाज, सलोनी जैन, दिविश अग्रवाल, नक्षत्र शेखावत, गुणिका मल्होत्रा, निपुण भारद्वाज, सृष्टि दुबे समेत एमबीबीएस फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड और फोर्थ ईयर के 250 से अधिक छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

## मुरादाबाद चिल्ड्रन पार्क में नया रोमांच जल्द शुरू होगा 7–डी मोशन थिएटर

**मुरादाबाद।** नगर निगम द्वारा संचालित चिल्ड्रन पार्क अब न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का केंद्र बन गया है, बल्कि यह शहर का एक उभरता हुआ पर्यटन स्थल भी साबित हो रहा है। नगर निगम द्वारा संचालित चिल्ड्रन पार्क अब न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का केंद्र बन गया है, बल्कि यह शहर का एक उभरता हुआ पर्यटन स्थल भी साबित हो रहा है।

छह महीने पहले शुरू की गई 'भूल भुलैया' ने जहां मनोरंजन के नए मानक तय किए, वहीं इससे हो रही आय ने नगर निगम को गदगद कर दिया है। निगम को भूल भुलैया से एक दिन में रिकॉर्ड 1,00,407 की आय भी हो चुकी है और प्रतिदिन औसतन 50,000 की कमाई हो रही है।

# विकास खण्ड सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया

**कुंदरकी।** गुरुवार को विकासखंड के सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इसके अतिरिक्त सहायक विकास अधिकारी विनीत कुमार सहायक विकास अधिकारी आईएसबी सैयद कमर अब्बास एवं समस्त ग्राम सचिव सुरेंद्र सिंह ग्राम विकास ग्राम सचिव अंकित सिंह ग्राम सचिव अनुज कुमार ग्राम सचिव राशिद हुसैन ग्राम सचिव रईस आलम ग्राम सचिव इरशाद हुसैन ग्राम सचिव विवेक चौधरी



ग्राम सचिव प्रदीप राठी ग्राम सचिव सतीश सागर ग्राम सचिव राखी भारती ग्राम सचिव नित्यानंद ग्राम सचिव नरेश सिंह ग्राम सचिव नाजिम इकबाल ग्राम सचिव फैजान हुसैन ग्राम सचिव राम प्रकाश ग्राम सचिव नरेश कुमार बड़े बाबू दीपक कुमार मोहम्मद शमी वसीम खान ऋषि पाल सिंह हिमांशु खंड प्रेरक , ब्लॉक स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने पीएमएस स्कूल में डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रदेश में डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों के दृष्टिगत जनपद मुरादाबाद के समस्त ब्लाकों/शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान दिनांक 24 अप्रैल, 2025 से 10 मई, 2025 में मध्य चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत कक्षा 05 में अध्ययनरत–10 वर्ष आयु के बच्चो, एवं कक्षा 10 में अध्यनरत–16 वर्ष आयु के बच्चों को टीडी वैक्सीन से आच्छादित किया जायेगा।

टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह द्वारा पीएमएस स्कूल मुरादाबाद में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य पीएमएस स्कूल एवं एसएमओ डब्लूएचओ, डीएमसी यूनिसेफ, अरबन कोऑडिनेटर जेएसआई जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी, नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, मुरादाबाद नगर एवं अन्य सहयोग सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सभी जनमानस से अपील की गयी कि प्रदेश में बढते डिप्थीरिया (गलाघोंटू) संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2025 से 10 मई, 2025 तक टीडी (टिटनेस/ डिप्थीरिया) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान हेतु जनपद मुरादाबाद में 2378 स्कूलों को चिन्हित किया गया है जिसमें कक्षा–5 में अध्ययनरत लगभग 44642 बच्चों को टीडी–10 एवं कक्षा–10 में अध्ययनरत 25688 बच्चों को टीडी–16 का टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समस्त अभिभावक अपने कक्षा–5 में अध्यनरत (10 वर्ष की आयु) एवं कक्षा–10 में अध्ययनरत (16 वर्ष की आयु) के बच्चों को टीडी का



टीका अवश्य लगवायें। यह टीका सभी स्कूलों में अध्ययनरत बालक/बालिकाओं को निःशुल्क लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० कुलदीप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिदिन विकास खण्ड व जनपद स्तर पर प्रतिदिन सांयकालीन समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्राप्त उपलब्धि एवं प्रकाश में आयी कमियों का निराकरण किया जायेगा। अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाऐं यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, गाबी यूनिसेफ, यूएनडीपी आदि द्वारा भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। अभियान के दौरान प्रकाश में आये टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) हेतु मीडिया बन्धुओं से अनुरोध है कि एईएफआई केस के विषय में सही तकनीकी जानकारी देने में विभाग का सहयोग करें ताकि टीकाकरण के प्रति लोगों में भय उत्पन्न न हो।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)

पत्रांक:– 38 / न0पा0परि0बि0 / 2025–26 दिनाँक: 24.04.2025

**संशोधित उपविधियाँ**

नगर पालिका परिषद, बोर्ड बिलारी द्वारा अपनी सीमांतर्गत स्थित प्रेक्षागृह एवं मनोरंजन की वर्तमान उपविधि की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। अतः यह विज्ञप्ति उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 300 के अंतर्गत उन लोगों को सूचनार्थ एवं आपत्ति/सुझाव करने हेतु एतत् द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है। लिखित आपत्ति/सुझाव प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित कर कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी में प्रस्तुत कर सकते हैं, बीत जाने मियाद किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

| क्रमांक | मद का नाम | वर्तमान में प्रचलित दरें | बोर्ड द्वारा प्रस्तावित/संशोधित दरें | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सिनेमा (प्रेक्षा ग्रह) | 12.50 रू० प्रति शो | 30.00 रू० प्रति शो | – |
| 2 | सर्कस/प्रर्दशनी आदि | 60.00 रू० प्रति शो | 250.00 रू० प्रति शो | – |
| 3 | अन्य प्रकार के मनोरंजनात्मक प्रदर्शन | 40.00 रू० प्रति शो | 200.00 रू० प्रति शो | – |
| 4 | केबिल डिश (01 से 500 कनेक्शन तक) | 500.00 रू० प्रति माह | 1000.00 रू० प्रति माह | – |
| 5 | केबिल डिश (501 से 1500 कनेक्शन तक) | 1000.00 रू० प्रति माह | 2000.00 रू० प्रति माह | – |
| 6 | केबिल डिश (1501 से ऊपर) | 100.00 रू० प्रति माह प्रति सैकड़ा | 250.00 रू० प्रति माह प्रति सैकड़ा | – |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलारी (मुरादाबाद)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलारी (मुरादाबाद)**

# विदेश भेजने के नाम पर दो लाख की ठगी

## परदेस में पाकिस्तानी युवक के हाथों सौंप दिया शख्स, बमुश्किल हुई घर वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर निवासी युवक ने सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी तीन लोगों पर विदेश भेजने के नाम पर दो लाख रुपए की ठगी किए जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर के वार्ड 04 मौहल्ला नई बस्ती निवासी जाकिर पुत्र स्वर्गीय नजाकत अली ने बताया कि उसकी मुलाकात शरीफनगर निवासी कुछ युवकों से हुई थी जो लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। पीडिघ्त का आरोप है कि उक्त लोगों ने पीडिघ्त को किर्गिस्तान में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी मे कार्य करने के एवज मे 600 डॉलर प्रतिमाह भारतीय रुपया कीमत लगभग 52000 रुपए बताकर पीडिघ्त को झांसे मे ले लिया। जिसके बाद उक्त तीनों शातिर लोगों ने प्रार्थी से वीजा, मेडिकल व फ्लाइट टिकट के नाम पर दो लाख रुपए ले लिए, पीडित के मुताबिक उसने रिश्तेदारों से उधार व कुछ रकम ब्याज पर लेकर उक्त शातिर लोगों को दो संभ्रांत लोगों के सामने दो लाख रुपए दे दिए। पीडिघ्त ने बताया कि उसके द्वारा दी गई रकम देने के दौरान उसने आरोपियों से पैसे के लेनदेन संबंधी एक नोटरी स्टांप भी करा लिया था जो पीडिघ्त के पास सुरक्षित है।

### किर्गिस्तान में पाकिस्तानी युवक के हवाले करने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** पीडित जाकिर का आरोप है कि उक्त शातिर ठगो ने उसे किर्गिस्तान भेज दिया और वहां पर इनके आदमी ने जाकिर को एक पाकिस्तानी युवक के हवाले कर दिया जो जाकिर से रात-दिन मेहनत कराता था।पीडित का आरोप है कि आरोपियों द्वारा बताई गई रकम तो दूर पीडिघ्त को भरपेट खाने तक के लाले थे। पीडिघ्त ने किसी तरह भारत मे अपने घर वालों से संपर्क किया और उसके परिजनों ने भारत से ही उसकी वापसी के टिकट की रकम का इंजाम करके उसे घर वापस बुलाया।

### पासपोर्ट लौटने के एवज में बनाई मनमानी वीडियो

**ठाकुरद्वारा।** पीडित जाकिर का आरोप है कि उक्त शातिर ठगो ने किर्गिस्तान पहुंचते ही अपने आदमी के द्वारा जाकिर का पासपोर्ट जब्त करा लिया था,और पासपोर्ट लौटने के एवज मे उससे झूठी वीडियो बनवाई की उसे परदेस मे किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही है और वह ठीक ठाक काम कर रहा है। पीडिघ्त जाकिर का आरोप है कि किर्गिस्तान से लौटने के बाद उसने शरीफनगर जाकर उक्त तीनों लोगों से अपने दो लाख रुपए वापस करने की मिन्नते की लेकिन आरोपी उसे आज कल कहकर टालते रहे और जब जाकिर ने 10.04.2025 को उक्त लोगों से अपने पैसे मांगे तो ठगो ने उसके साथ मारपीट करते हुए अपना कुछ भी न बिगड़ने की धमकी देकर भगा दिया। घटना के बाद जाकिर ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं उक्त प्रकरण में जाकिर ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को भी पत्र के माध्यम से व प्ळै पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

## इस्लामिक आंतकवाद और पाकिस्तान का बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन, जमकर नारेबाजी



**ठाकुरद्वारा।** पहलगांव में धर्म जान कर की गई हिन्दुओ की निर्मम हत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ हिन्दुओं ने आंतकवाद का पुतला दहन कर पाकिस्तान और इस्लामिक आंतक विरोधी नारे लगाए और प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को बजरंगल दल के कार्यकर्ता भारी संख्या में ब्लाक परिसर में एकत्र हुए। जहां से कार्यकर्ता ब्लाक प्रमुख पति डॉ.वीर सिंह की अध्यक्षता में बजरंग दल के कार्य कर्ता पाकिस्तान और इस्लामिक आंतकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धर्म देखकर हिन्दुओं की निर्मम हत्या करने वाले आंतकवादियों के खिलाफ कठोर की मांग करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति डा० वीर सिंह सैनी पंकज सिंह जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद लकी चौहान नगर अध्यक्ष ठाकुरद्वारा अर्जुन कश्यप ,नगर उपाध्यक्ष कल्याण सिंह , जिला उपाध्यक्ष अजय भारती , जिला सहसंयोजक सुभाष ,जिला व धर्म प्रसार प्रमुख शंकर , जिला सह धर्म प्रसार प्रमुख संजीव मीणा प्रखंड संयोजक भगतपुर पवन ठाकुर प्रखंड अध्यक्ष डिलारी, देवेंद्र अनुज पाल अभी इत्यादि कार्यकर्ता उपलब्ध रहे।

## कोर्ट के आदेश पर पेड़ चोरी का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, गांव मलकपुर सेमली निवासी कौशल्या देवी ने माननीय न्यायालय ठाकुरद्वारा को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से बताया कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव गौहम्मद पुर खेमा स्थित उनकी कृषि भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के 14 पेड़,और पॉपुलर के चार अब से लगभग एक माह पहले गांव मलकपुर सेमली निवासी नवाब, असलम, सुल्तान, फहीम, शिफ्तै ,नबी, मोहम्मद शमी, खुर्शीद ने रात में पेड़ काटकर चोरी कर ले गए, पता लगने पर पीड़िता ने थाना डिलारी में शिकायत की, फरियाद न सुनने पर माननीय न्यायालय ठाकुरद्वारा की सरण ली, अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र पेश किया, माननीय अदालत ने पत्रावली का अवलोकन कर घटना को संज्ञान में लेकर थाना डिलारी को चोरी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया है।

## युवकों ने लगाया पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप

**चन्दौसी।** खाकी बर्दी धारियों ने होटल पर चाय पी रहे दो युवकों की जमकर बेतों से पिटाई कर घायल कर दिया। युवकों का कहना है कि वह बड़ा बाजार स्थित एमजी कॉम्पलैक्स में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। रात्रि लगभग 09 बजे के करीब दुकान बंद हो जाती है परंतु बुधवार को काम अधिक होने के कारण कुछ विलंब हो गया और दुकान को बंद कर कुछ जरुरती सामान खरीदा। फिर मई गांव के रहने वाले अपने दोस्त अरबाज से बाइक लाने का अनुरोध किया। अरबाज पुत्र शरीफ अहमद दोस्त के कहने पर बाइक ले आया और भैंतरी फाटक से आगे पैराडाइज होटल के सामने चाय पीने लगे। तभी अचानक एक दरोगा व दो सिपाही वहां पहुंचे और दोनों पर बैंत बजाना शुरु कर दिया जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये।

## पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट, तीन लोग घायल

**कुन्दरकी।** थाना इलाके के पंडित नगला में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई दरअसल मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ है। कहां जा रहा है दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। जिसके चलते आज कुछ लोगों ने घात लगाकर तीन लोगों को बुरी तरह से लाठी डंडों से पीटा जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरत में भर्ती कराया पीड़ित की तरफ से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है इस घटना में हुसैन मुबारक पुत्र कय्यूम, खालिद पुत्र कय्यूम, असीम पुत्र जसीम ताहरपुर घायल हुए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## शांति भंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** अलग अलग मारपीट में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित ने बताया कि नगर के चांद मस्जिद वार्ड २२ में सद्दाम पुत्र जसरूददीन व मोहल्ले के ही अरमान पुत्र निजामुद्दीन के साथ आपसी रंजिश लेकर मारपीट पर उतारू थे। दोनों शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव नन्हूवाला निवासी नदीम पुत्र साबिर को उपनिरीक्षक किरन्त पवार ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को तीनो आरोपितों का शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां आरोपितों को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## बी एड विभाग में एड ऑन कार्यक्रम का आयोजन

**सुरजन नगर।** चौकी क्षेत्र के गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज में गुरुवार को बीएड विभाग मैं वेल्थ आउट ऑफ बेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कचरा प्रबंधन की जानकारी अच्छा छात्राओं को दी गई तथा सरकार द्वारा चलाई गई कचरा प्रबंधन की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में छात्र-छात्रा को विस्तार पूर्वक समझाया गया वहीं कार्यक्रम के आयोजक दुष्यंत कुमार बेड डॉक्टर रमेश कुमार द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र प्राचार्य व देवेंद्र प्रकाश रहे छात्र-छात्राओं ने कचरा प्रबंधन द्वारा प्राप्त जानकारी के विषय में उत्साह पूर्वक जानकारी ली वह छोटी-छोटी बातों को विस्तार पूर्वक समझा इस मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राएं रूपाली रागनी अमृता कविता आराधना भूपेंद्र प्रदीप अक्षय अमित शेयरिंग नितिन राजकुमार शाहरुख शकील आदि उपस्थित रहे।

## कश्मीर में हुए नरसंहार के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला किया दहन

**मूंढापांडे।** गुरुवार को जीरो प्वाइंट पर शाम के समय आतंकवाद का पुतला दहन करने के बाद में प्रखंड अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल के रमेश प्रजापति ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले २६ पयर्टकों की मौत को लेकर देश भर में गम और गुस्सा है, गुरुवार को जहां प्रदर्शनों का दौर जारी रहा, वहीं गुरुवार को भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किए गए और आतंकवाद के पुतले जलाए गए, देवीलाल प्रजापति जिलाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदु परिषद ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला कर २६ लोगों की हत्या कर दी गई, इस हमले ने देश भर को झकझोर कर रख दिया है ,पाकिस्तान की इस कायराना हरकत के विरोध में मूंढापांडे के नेशनल हाईवे लक्ष्मीपुर कट्टई स्थित जीरो प्वाइंट पर हिन्दू संगठनों ने आतंकवाद का पुतला जलाया, जीरो प्वाइंट चौराहे पर बजरंग दल ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया, न कि सिर्फ मूंढापांडे में बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने आतंकवाद का पुतला जलाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए, इस दौरान बजरंग दल के कुंदन प्रखंड उपाध्यक्ष , बजरंग दल के नेमचंद्र जिला मंत्री, आनंद महामंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदु परिषद और पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## आईएफटीएम में महान वैज्ञानिक मैक्स प्लांक के जन्मदिवस के अवसर पर हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के भौतिकी विभाग की ओर से नोबल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक मैक्स प्लांक के जन्मदिवस के अवसर पर ''मैक्स प्लांक: फाउंडर ऑफ क्वांटम थ्योरी इन फिजिक्स'' विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एस.सी. (पी.सी.एम.) तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों अनस अली ने प्रथम, छात्रा मेघा यादव ने द्वितीय स्थान तथा छात्र धर्मेन्द्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक व भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग, समन्वयक श्रीमती विधि गोयल समेत भौतिकी विभाग के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाओं को सक्रिय रूप से योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल के कई शिक्षक उपस्थित रहे।

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
(मुरादाबाद/ चन्दौसी/ अमरोहा/ बिजनौर)
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स(भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या- 4, भाग-2, मुरादाबाद। E-mail : emombd@upavp.com

पत्र सं0 584/ सं०प्र०- मुरादाबाद/ दिनांक: 24.04.2025

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वंय वित्त पोषित भवन संख्या बी/120, प्रदेशन-पत्रांक 718 दिनांक 31.05.1991 एवं संसोधित प्रदेशन पत्रांक 1685 दिनांक 25.07.1992 द्वारा श्री लाल सिंह पुत्र स्व0 श्री चरन सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा दिनांक 08.09.1992 को अपने पक्ष में पट्टा विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 10.09.1992 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत कराने के उपरान्त दिनांक 03.11.1992 को भवन का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तत्पश्चात श्रीमती पुष्पा सिंह पत्नी स्व० श्री लाल सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 09.04.2025 के द्वारा भवन के आवंटी अपने पति की दिनांक 15.05.2017 को मृत्यु होना सूचित किया है। साथ ही उक्त भवन के आवंटी अपने पति श्री लाल सिंह पुत्र स्व0 श्री चरन सिंह द्वारा उनके पक्ष में दिनांक 30.07.2014 को उप-निबन्धक- (द्वितीय), मुरादाबाद के कार्यालय में बही संख्या 3, जिल्द संख्या 139 के पृष्ठ संख्या 91/98 पर क्रमांक 276 पंजीकृत वसीयत के आधार पर परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वंय वित्त पोषित भवन संख्या बी/120 को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु आवेदन किया है।

यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

आज्ञा से - सम्पत्ति प्रबन्धक

# जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में स्थानीय नगर निकाय एवं डूडा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी जिसमें वंदन योजना, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में जल निकास तथा तीर्थों एवं प्राचीन कूपों पर चर्चा की गयी। सम्भल नगर पालिका के अन्तर्गत तीर्थों एवं प्राचीन कूपों के सौन्दर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सूर्यकुण्ड, हर्ष तीर्थ एवं नगर क्षेत्र के तीर्थों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि तीर्थ क्षेत्र के विकास के अन्तर्गत प्रवेश द्वारों के सुन्दर निर्माण की योजना तैयार करना सुनिश्चित करें। सौन्दर्यकरण के अन्तर्गत चौराहों को शामिल करने के लिए निर्देशित किया। चंदौसी नगरपालिका तथा बहजोई नगरपालिका तथा जनपद की नगर पंचायतों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीवरेज, एसटीपी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी आदि पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उपजिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उपजिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, उपजिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलैक्टर रमेश बाबू, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, नगरपालिका अध्यक्ष एवं समस्त नगरपालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष तथा समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी संभल ने निरीक्षक-उपनिरीक्षकों की तैनाती में किया फेर बदल

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक संभल के०के० बिश्नोई द्वारा जनपद संभल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने व अपराध पर नियंत्रण हेतु निरीक्षक व उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। बता दें कि प्र०नि० रजपुरा हरीश कुमार को प्र०नि० थाना बहजोई, प्र०नि० थाना नखासा गजेन्द्र सिंह को प्र०नि० थाना धनारी, निरीक्षक मेघपाल सिंह को थाना बनियाठेर, निरीक्षक अनुज कुमार तोमर को संभल से थाना हजरतनगर गढ़ी, निरीक्षक रजनीश कुमार को अपराध शाखा को प्र०नि० थाना नखासा, निरीक्षक अमरीश कुमार को प्र०नि० थाना सम्भल, निरीक्षक संत कुमार को प्र०नि० थाना जुनावई, निरीक्षक संजीव कुमार बालियान को थाना एचोड़ा कम्बोह, निरीक्षक अमित कुमार को थाना साइबर क्राइम, निरीक्षक सत्यविजय सिंह को प्र०नि० थाना एचटीयू एवं प्रभारी मानवाधिकार प्रकोष्ठ, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ, निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा को बहजोई से जन शिकायत प्रकोष्ठ, निरीक्षक बाबूराम गौतम को थाना धनारी से पुलिस लाइन, निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान को निरीक्षक अपराध थाना बहजोई से पुलिस लाइन, निरीक्षक अमरपाल सिंह को नखासा से थाना धनारी, उ०नि० मनोज कुमार वर्मा को हजरतनगर गढ़ी से थानाध्यक्ष रजपुरा, उ०नि० संजीव कुमार को पीआरओ पुलिस अधीक्षक से थानाध्यक्ष हयातनगर, उ०नि० बोबिन्द्र कुमार को प्रभारी स्वाट टीम, उ०नि० पंकज कुमार बालियान को लक्ष्मणगंज चौकी चन्दौसी से पुलिस लाइन के लिए स्थानांतरित किया गया है।

## टीएमयू में सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स- चैलेंजेस इश्यूज एंड प्रैक्टिसेस पर आज से अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी,मुरादाबाद के प्रबंधन संस्थान टीएमआईएमटी की ओर से 25 अप्रैल से सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स: चौलेंजेस, इश्यूज एंड प्रैक्टिसेस पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का शंखनाद यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में प्रात: 10:00 बजे से होगा। सम्मेलन का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्यों पर वैश्विक संवाद को प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन में गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ जल एवं स्वच्छता, हरित ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, सतत शहरीकरण और वैश्विक साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय इंटेलिजेंस ग्रिड के सलाहकार डॉ. सौरभ गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। वह रणनीतिक नीति निर्माण और खुफिया तंत्र के डिजिटलीकरण में विशेषज्ञ माने जाते हैं। डीन प्रो. विपिन जैन के अनुसार अब तक देश-विदेश से 468 शोध-पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो टीएमआईएमटी की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं वैश्विक पहुंच को दर्शाता है। सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के रूप में फिजी नेशनल यूनिवर्सिटी फिजी से डॉ. अवनीश कुमार शुक्ला, यूटीएएस मस्कट ओमान से डॉ. मोहम्मद मुस्लिम और डॉ. अंसारुल हक, एमिटी यूनिवर्सिटी ताशकंद उज्बेकिस्तान से डॉ. दानिश अथर, एनपावर लंदन यूके से सुश्री नंदिता मित्तल, हुआवे यूएई से श्री ऋषि गुप्ता, फॉरफेल सर्विसेज लिमिटेड यूके से श्री सिमरनजीत सिंह, नोमुरा इंटरनेशनल पीएलसी यूके से सुश्री सुख मंजीत कौर, टीसीएस स्विट्जरलैंड से श्री पीयूष माथुर और संयुक्त राज्य अमेरिका से सुश्री अनुशी जैन आदि ऑन लाइन भाग लेंगे। यह सम्मेलन शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नीति निर्माताओं और कॉर्पोरेट विशेषज्ञों के लिए सतत विकास पर सार्थक विमर्श का मंच प्रदान करेगा।




## नबी अहमद को बनाया अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच का जिला उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच ने कुन्दरकी नगर के रहने वाले समाज सेवी नबी अहमद को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। समाजसेवी नबी अहमद के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है, लोग उन्हें मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी है। नवी अहमद का कहना है, वह संगठन के प्रति पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन का विस्तार करेंगे लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीतियों से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन

**मूंढापांडे।** वकासखंड मूंढापांडे के सभागार राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया ,गया बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव रहे उक्त गोष्ठी के संचालक सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेश कन्हैया के द्वारा बताया गया की राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन सर्वप्रथम 24 अप्रैल 2010 को माननीय प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह के द्वारा प्रारंभ किया गया था। तथा विकासखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले,ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष ग्राम प्रधान श्रीमती सोनी सिंह लाल पुर तीतरी ,पंचायत सचिव सफाई कर्मी, पंचायत सहायक पंचायत सहायक, खंड प्रेरक ,कंसल्टिंग इंजीनियर एवं ऑपरेटर इत्यादि लोगों को प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गोष्ठी में ग्राम पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, सचिव ग्राम पंचायत स्वाति चौहान रवि पाल संजीव चौधरी इंतजार अहमद धनेंद्र पाल सुधीश कुमार रणवीर सिंह रवि कुमार जसपाल शादाब अली परविंदर वर्मा, खंड प्रेरक राजेश कुमार, अवनीश कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद उबैद, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अमरीश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर फैकल्टी ऑफ फार्मेसी तथा एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक ''नारा लेखन प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि है तथा किसी भी राष्ट्र के सुचारू रूप से संचालन में सभी नागरिकों द्वारा वहां के संविधान का ससम्मान पालन करना अनिवार्य है। साथ ही युवाओं को संविधान को गहराई से समझने व संविघान के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक व स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार और आयोजन सचिव व साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 50 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.फार्मा, प्रथम वर्ष की छात्रा सलोनी प्रथम, बी.फार्मा, तृतीय वर्ष की छात्रा राफिया द्वितीय तथा बी.फार्मा, प्रथम वर्ष के छात्र तुषार वार्ष्णेय तृतीय स्थान पर रहे। फार्मेसी संकाय की फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. रीता यादव एवं कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. सुकीर्ति उपाध्याय निर्णायक मंडल की सदस्या रहीं। प्रतियोगिता की डॉ. सुकीर्ति उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रभावशाली नारे लिखे, जिनकी सभी अतिथियों ने भरपूर सराहना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. प्रशांत उपाध्याय, सुश्री सृष्टि गोयल एवं सुश्री एकता उपाध्याय का प्रमुख योगदान रहा। इस दौरान फार्मेसी संकाय के कई अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### दहेज को लेकर विवाहिता से मारपीट, ससुरालियों के खिलाफ लिखाई पीड़िता ने रिपोर्ट

**कांठ( शाह टाइम्स )**उमरी कला निवासी मतीउर रहमान की पुत्री शाहीन की शादी जून 2024 में कांठ के मोहल्ला पटेगंज निवासी शादाब के साथ हुई थी। आरोप है कि पति मो शादाब, सास सुन्नती, नंद गुडडो, जेठ शमशाद और इनके करीबी शमशाद हुसैन पुत्र मेहंदी हसन शादी वाली रात से ही कम दहेज के ताने देकर प्रताड़ित करने लगे और दहेज लाने के लिए मायके भेज दिया। मायके वालों द्वारा दहेज देने को असमर्थता जताने से पति मायके से बुलाकर अपने घर ले गया और प्रताड़ित करते हुए सास ने मारना पीटना शुरू कर दिया और भूखा प्यासा रखना शुरू कर दिया। चार माह पूर्व उक्त लोगो ने षडयन्त्र करके उसे मारा पीटा और एक रात और दो दिन भूखा कमरे में बन्द रखा। जानकारी मिलने पर पिता, बहनोई व मोहल्ले के कुछ व्यक्ति उसकी ससुराल गए और समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और अपनी मांग पर अड़े रहे। और मायके वालों के सामने ही मारपीट कर पहने कपड़ों में धक्के देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### थानाध्यक्ष बनियाठेर को किया गया लाइन हाजिर

**चन्दौसी।** थानाध्यक्ष बनियाठेर रामवीर सिंह को एसपी संभल द्वारा लाइन हाजिर कर दिया है। यहां बताते चलें कि थाना बनियाठेर में लगभग दो माह पहले रामवीर सिंह की तैनाती की गई थी। बताया जा रहा है कि थानाध्यक्ष द्वारा जनसुनवाई में लापरवाही बरती गयी। नरौली क्षेत्र की एक महिला द्वारा तहरीर दी गई थी जिसमें पुलिस ने थोड़ी लापरवाही बरती। पीडिघ्त महिला एसपी कार्यालय पहुंची और आपबीती सुनाई। जांच के उपरांत मामला सही पाये जाने के बाद एसपी द्वारा थानाध्यक्ष बनियाठेर को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं सूत्र बताते हैं कि सरल स्वभाव के होने के कारण थानाध्यक्ष स्टाफ पर खास पकड़ नहीं बना पाए जबकि थाना बनियाठेर का क्षेत्र काफी बड़ा है। वहीं थाना बनियाठेर की कमान इंस्पेक्टर मेघपाल को सौंपी गई है।

### किशोरी के अपहरण की आशंका

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी का परिजनों को आज तक पता नहीं चल पाया। सभी संभावित स्थान पर खोजने के बाद पिता ने थाना सेक्टर-24 में अपहरण की आशंका जताते हुए बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। सेक्टर-35 स्थित मोरना गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से संतकबीर नगर के रहने वाले हैं। पिछले कई वर्षों से यहां किराए के घर पर परिवार सहित रहते हैं। उनकी 14 वर्ष की बेटी है। उनकी बेटी 25 मार्च को घर से बिना बताए चली गई थी। देर शाम तक वापस नहीं आने पर उन्होंने किशोरी को आसपास तलाश किया था। रिश्तेदारी व जानकारों से पूछने पर किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता का कहना है कि बेटी का कहीं सुराग नहीं मिलने पर अब एक माह बाद पुलिस को शिकायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जा लिया गया है। किशोरी की तलाश में दो टीमों को लगाया है। जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### भारत के विरुद्ध पाक जिहादी युद्ध का कठोरतम जबाव जरूरी: विहिप

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद ने पहलगाम में हिंदुओं की नृशंस हत्या के विरोध में इस्लामिक आंतकवाद का पुतला दहन किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के महानगर मंत्री अविनाश गुप्ता ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुन: सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। उन्होंने कहा है कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के पेंट उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। यह साफ दिखाई दे रहा है कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है। इस अवसर पर प्रांत सह समरसता प्रमुख भवनीश सैगर , प्रांत प्रचार टोली सदस्य गौरव कश्यप, महानगर सह सेवा प्रमुख नवदीप कुमार, आदित्य भटनागर, शुभम देशभक्त ,राजीव ठाकुर ,अश्वनी सूद,दिनेशप्रजापति ,रंजीत ,देशराज,अक्षत,सौरभ ,विशल, रोहित,नवनीत ,अकित ,रिषभ ,राहुल, गोविंदा ,सुधांशु,सचिन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### आतंकी हमला बेहद दर्दनाक, निंदनीय: जयवीर

**मुरादाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी जिला मुरादाबाद ने गहरा दुख जताते हुए बृहस्पतिवार को मुरादाबाद के अम्बेडकर पार्क पर में एक श्रद्धांजलि सभा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, देहात विधायक नासिर कुरैशी पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, लाखन सिंह सैनी, फुरकान अली, प्रदीप यादव,धर्मेन्द्र यादव जयपाल सैनी,विजय वीर यादव,रजनीकांत जाटव,योगेन्द्र यादव, वेद प्रकाश कुलदीप तुरेहा, शाकिर रायनी,वासु गुप्ता,मनोज यादव, बदुद खान,तालिब अंसारी,आफताब बॉबी, सलामत अली,दानिश मिर्जा,महेंद्र सिंह,सरवर मिर्जा,फहीम मंसूरी आदि मुख्य थे।



### 26 को बंच केवल बदले जाने की वजह से बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बिलारी।** नगर में 26 अप्रैल को 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र के तहत 11 केवीए फीडर टाउन टू पर 26 अप्रैल को रात्रि ३ बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पुरानी एलटी केबल गांधी मूर्ति से शाहबाद चौराहे तक बदली जाएगी। रोडवेज पर बसों का आवागमन होने के कारण यह कार्य रात्रि में किया जाएगा। इस बीच बिलारी की ओम विहार कालोनी, साहू कुंज कालोनी, गांधी मूर्ति चौराहा, तिलक नगर कॉलोनी, कोतवाली, चंद्र वाटिका कॉलोनी, पौड़ाखेड़ा मंदिर, राजबाग कॉलोनी आदि की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता शिवम वाष्णेय ने दी।

### अंबेडकर पार्क में गिनाई बाबा साहब की नीतियां

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव मकरंदपुर के अंबेडकर पार्क में जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मूल प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, अनुच्छेद 51 के तहत नागरिकों के कर्तव्य, अधिकतम संशोधन के संबंध में जानकारी दी। इस बीच ग्रामीणों को जागरूक किया गया। भारी तादात में ग्रामीणों ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ग्राम प्रधान चंद्रगुप्त मौर्य, आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा, अनुराज सिंह, प्रताप सिंह, मेघराज सैनी आदि ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर चलने का आह्वान किया।

### कश्मीर के पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को सनातनी हिंदुओं ने दी श्रद्धांजलि, किया विरोध प्रदर्शन

**बिलारी।** नगर के गांधी पार्क पर सनातनी हिंदुओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा मारे गए पर्यटकों को विरोध प्रदर्शन कर श्रद्धांजलि दी। वहीं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान पाकिस्तान का सभी सनातनियों ने पुतला फूंका और एसडीएम विनय कुमार को ज्ञापन सौंप कर आतंकवाद मुक्त भारत की मांग की। यह धोखा पाकिस्तानी आतंकवादियों को भारी पड़ेगा। आतंकवाद के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन में साध्वी प्राची ने पहुंच कर हिंदू एकता की बात कही। इस दौरान सिद्धार्थ शेखर, सोनू सिरोही, मुनेंद्र सिंह, लवली यादव, विकास गुप्ता, मनोज ठाकुर, अवनीश चौधरी, अमित कुमार, रचित माथुर, गीता कोली, गीता चौधरी, राकेश यादव, अजय कुमार, पंकज चौहान, साध्वी प्राची आदि सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# शराबी दरोगा को चाहिए एसी, बकरा व मुर्गा

## नूरपुर के पीड़ित व्यापारियों ने लगाए गंभीर आरोप, एसपी से शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर के व्यापारियों ने शराबी कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह के द्वारा बार-बार की जा रही अवैध वसूली से परेशान होकर आज एसपी से उनकी शिकायत की है। अब देखना यह है कि विभाग को अपनी हरकतों से बदनाम कराने वाले कस्बा इंचार्ज के खिलाफ वह कब तक और कैसी कार्यवाही करते है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले नूरपुर से यहां पहुंचे व्यापारियों ने कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह पर व्यापारियों एवं जन समुदाय से अवैध वसूली करने एवं वसूली से मना करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह प्रतिदिन शाम को शराब के नशे में रहते है। वह व्यापारियों एवं जनसमुदाय से हर समय बकरे एवं मुर्गे की मांग करते है। इनके द्वारा हल्के में व्यापारियों एवं जनसमुदाय के अवैध वसूली की जा रही है। व्यापारियों एवं जनसम. ुदाय के द्वारा अवैध वसूली की डिमांड पूरी न करने पर यह धमकी देते है। इनके द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर बाहर से आए स्टाफ के लिए ढ़ाई लाख रुपए का खर्च बता कर अवैध वसूली की गई। यह अन्य त्यौहारों पर भी व्यापारियों एवं जनसमुदाय से अवैध वसूली करते है। होली पर स्टाफ के लिए शराब व मुर्गे की मांग करते है। वह बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए खाने का प्रबंध करने को कहते है। अब यह अपने रूम में एसी लगवाने की मांग कर रहे है। यह व्यापारियों से कह रहे है कि या तो स्वयं एसी लगवाओ, वरना किसी अन्य से एसी लगवाओ। शिकायती पत्र में न्यायहित में कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।

शिकायती पत्र पर व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश जोशी, नगर अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, शाहनवाज मलिक, युवा नगर अध्यक्ष मुकुल गुप्ता, युवा नगर कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह आदि के हस्ताक्षर थे।

# छत पर रखे समान में लगी आग

**नगीना।** क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मठेरी में एक घर में आग लगने से हड़कंप मच गया। कपिल कुमार के घर के पास कूड़े में लगी आग की चिंगारी से उनकी छत पर रखे सामान में आग लग गई। छत पर रखी लकड़ियां, भूसा और उपले जलकर राख हो गए। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। परिवार और आस-पड़ोस के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड की समय पर कार्रवाई से एक बड़ा नुकसान होने से बच गया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी ने घर के पास रखे कूड़े में आग लगा दी थी। इसी से छत पर रखे सामान तक आग पहुंच गई।

# अतिक्रमणकारियों के साथ कोई रियायत नहीं : आसिफ

## स्वच्छता अभियान में सहयोग जरूरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर पंचायत मंडावर के चेयरमैन मौहम्मद आसिफ 'शान' ने दो टूक कहा है कि अतिक्रमणकारियों को किसी भी तरह की कोई रियायत नहीं दी जाएगी। अतिक्रमण की समस्या नासूर बन चुकी है।

मंडावर के चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान के कार्यकाल में नगर में रिकार्ड विकास कार्य हो रहे है। जिसके लिए उनकी तारीफ कर मिसाल दी जाती है। मंडावर नगर की हर सड़क पक्की हो चुकी है और विकास कार्य लगातार जारी है। नगर में सफाई अभियान भी जोर-शोर से चल रहा है। लेकिन नगर में अतिक्रमण की समस्या भी मौजूद है। जिसे लेकर चेयरमैन मौहम्मद आसिफ 'शान' गंभीर है। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि उनके साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की वजह से जाम लगता है अगर हादसे भी हो जाते है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के चलते सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। वरना नगर पंचायत की टीम के द्वारा उनका अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

चेयरमैन मौहम्मद आसिफ 'शान' ने सफाई अभियान में नागरिकों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि बिना जनसहयोग व सजगता के कोई भी अभियान पूरी तरह से सफल नहीं हो सकता है। उन्होंने मंडावर के नागरिकों की खुले दिल से तारीफ करते हुए कहा कि वह विकास कार्यों में सद्भाव व भाईचारा बनाए रखने में अपना पूरा सहयोग देती है। उन्होंने आपसी विवादों एवं अवैध कार्यों से भी बचने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथों में न लें।

# पैदल मार्च निकाल कर फूंका आतंकवाद का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जम्मू कश्मीर में भारत के विभिन्न राज्यों के पर्यटकों के साथ हुई बर्बरता एवं उनकी हत्या के विरोध में नगीना के लोगों द्वारा पैदल मार्च निकालकर आतंकवाद का पुतला फूंका गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पैदल मार्च बड़ा मंदिर नगीना से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए गांधी मूर्ति नगीना पर समाप्त हुआ। पैदल मार्च में लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद एवं आतंकवाद खत्म करो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। गांधी मूर्ति पर एकत्रित होकर आतंकवाद के पुतले को आग के हवाले किया गया तथा लाठी डंडों से उसको पीटा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता प्रमोद चौहान, सौरभ मित्तल, रोहित रवि, अनिल गुप्ता, अरविंद वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, अरुण शर्मा, लवी मित्तल, रुद्राक्ष वशिष्ठ, आलोक प्रधान, अमन कुमार, अनुभव त्यागी, सरदार हरमीत सिंह, अनूप वाल्मीकि, अनु, गोपाल शर्मा, कपिल पवार, शिवम वाल्मीकि, नौशाद अंसारी, इमरान इदरीसी, अनवर कुरैशी, नंदकिशोर, गौरव कुमार एवं सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

# क्रीड़ा भारती ने आतंकवाद का पुतला फूंका

## हमलावरों पर कठोर कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्रीड़ा भारती संस्था के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले की घोर निंदा करते हुए थाना अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया, जिसमें हमलावरों के ऊपर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। इससे पूर्व शांतिपूर्वक पैदल यात्रा निकाली गई और जैन मंदिर चौराहे पर मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद का पुतला फूंका गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को गहरे आघात में डाल दिया है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों की जान गई, सुरक्षाबलों पर हमला हुआ और भारत की संप्रभुता को चुनौती दी गई। इस हमले ने इस स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना दिया है। हिन्दुओं को टारगेट किया गया है, मारने से पहले उनका नाम पूछा गया था और उनके कपड़े उतरवाए थे। जो दर्शाता है ये एक लक्षित हिंसा थी। आतंकवादियों द्वारा किए गए इस हमले में कई लोगों की जाने गई हैं जो पर्यटन के लिए जम्मू आए थे। आतंकियों की गतिविधियों ने देश की सुरक्षा को फिर से संकट में डाल दिया है। ये हमला सुरक्षा में भी बड़ी चूक को दर्शाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि इन हमलों में पाकिस्तान की प्रत्यक्ष या परोक्ष संलिप्तता है, जिसके माध्यम से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लगातार भारत की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन हमलों की गहन और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए और पाकिस्तान की संलिप्तता की गहन जांच की जाए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान की जाए। आतंकवाद के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाया जाए ताकि समाज को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया जा सके। पहलगांव हमले और आज की घटना से जुड़े सभी साक्ष्य सार्वजनिक किए जाएं, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। वक्फ बोर्ड और अन्य संस्थाओं की भूमिका की भी जांच की जाए, यदि इन हमलों में उनकी संलिप्तता का कोई संकेत मिले। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की ओर से ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जा सके। रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियार और संसाधन दिए जाएं ताकि आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी रूप से लड़ाई लड़ी जा सके। ज्ञापन देने वालों में क्रीड़ा भारतीय संस्था के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक नजर

## आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट आज

**बिजनौर।** देश की प्रतिष्ठित कंपनी अशोक लीलैंड द्वारा आज प्रात: दस बजे से राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टर्नर, फीटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, टूल एंड डाई मेकर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक एवं पेंटर जनरल ट्रेड से किसी भी आईटीआई से आईटीआई कर चुके छात्र-छात्राएं अपने समस्त प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं । यह जानकारी राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा दी गई।

## आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**हल्दौर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर देश विरोधी कमेंट करने व देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर हिन्दू संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। गुरुवार को उक्त मामले को लेकर आक्रोशित हिन्दू संगठनों के कुछ लोग एकत्र होकर थाने पहुंचे और उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर काव्य चौहान, शिवम, शिवम बजरंगी, दीक्षित, कुनाल, सुधांशु , निकुंज, शिवा, दीपक कुमार चानू, राजकुमार, शिवम, अंश, तरुण, प्रिंस, शिवा गोलू आदि रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला ने बताया कि इस संबंध में साइबर सेल को अवगत करा दिया गया है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर निवासी अंशु (25 वर्ष) पत्नी अतुल थाना छजलेट जिला मुरादाबाद अपने पति के साथ मोटर साइकिल से कहीं जा रही थी। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## आतंकवाद के खिलाफ की नारेबाजी



**नूरपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादी घटना के विरोध प्रदर्शन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर ईकाई व सभी धर्मों के लोगों ने शिव मंदिर चौराहे पर आतंकवाद के खिलाफ में जमकर नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। आतंकवाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। लोगों ने भारत सरकार से मांग की है कि पर्यटकों पर जो हमला किया गया है। उनके खून का बदला लेकर आतंकवादियों व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करें। इन्होंने इंसानियत का कत्ल किया है। अब वक्त आ गया है। इन आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकना। सरकार किसी भी कीमत पर आतंकवादियों को न बख्शें। उन्होंने कहा देश की जनता इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, तसलीम अहमद, इदरिसी, संदीप जोशी, प्रयमनु गुप्ता, मुकुल गुप्ता, चौधरी अजयवीर एड. सरदार हरभजन सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता जुगनू चौधरी, सरदार रविन्द्र सिंह, सतीश कुमार, सचिन चौधरी, अशोक राजपूत, विनोद चौहान, नवनीत चौहान, पत्रकार मनोज बंसल, सचिन जोशी, नवीन कुमार, अंकित जोशी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद थी।

## स्वास्थ्य केंद्र पर ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

**कोतवाली देहात।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एचबीवाईसी ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डेढ़ साल तक के बच्चों के पालन पोषण के संबंध में जानकारी दी गई। स्टेट ट्रेनर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चा पैदा होने के बाद से उसके दूध पीने तथा पालन पोषण में विशेष सावधानियां बरतनी की आवश्यकता होती है। डेढ़ वर्ष की आयु तक बच्चों को पर्याप्त देखभाल की आवश्यकता होती है।मां के साथ-साथ आशा संगिनी तथा एएनएम की भी जिम्मेदारी बनती है।इस अवसर पर आशा कार्यकत्रियों तथा एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विशाल दिवाकर, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# खाली प्लाट में मिला नर कंकाल

## पुलिस ने की घटनास्थल की जांच पड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर स्थित वादीगढ़ चौराहे के हर्रावाला रोड पर एक खाली प्लाट में गुरुवार शाम एक नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। कंकाल के धड़ पर शर्ट लिपटी हुई मिली, जैकेट और पेंट पास में पड़ी थी। जबकि खोपड़ी व हाथ-पैर की हड्डियां अलग-अलग स्थानों पर पड़ी मिली।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादीगढ़ चौराहे के हर्रावाला रोड पर आयुष्मान अस्पताल के सामने रेहड़ निवासी भूपेंद्र चौहान और ठाकुर शुभम कुमार का प्लॉट है। उसके बराबर में रेहड़ निवासी मौहम्मद निजाम शाह का प्लाट है। मौहम्मद निजाम शाह ने गुरुवार अपने प्लाट में दुकानों का निर्माण कार्य कराने को ईंटे मंगाई थी। शाम लगभग पांच बजे ट्रैक्टर-ट्राली से मजदूर ईंटें उतार रहे थे, इसी दौरान उनकी नजर नर कंकाल पर पड़ी। ग्रामीणों ने प्लाट में जाकर देखा तो प्लाट में हाथ पैर की हड्डियां और खोपड़ी अलग-अलग स्थानों पर पड़ी थी। पूरा कंकाल अलग-अलग टुकड़ों में बंटा हुआ था। थोड़ी ही देर में वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सीओ अफजलगढ़ राजेश सोलंकी और थाना प्रभारी किशन अवतार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच पड़ताल की। नर कंकाल की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि नर कंकाल दो-तीन महीने पुराना लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है। उधर आशंका व्यक्त की जा रही है कि या तो शव को कहीं बाहर से लाकर यहां डाला गया और उसे कुत्ते नोचकर खा गए या गुलदार ने किसी व्यक्ति को मारकर खाया है। जिस स्थान पर नर कंकाल मिला है, वहां रोड के किनारे तमाम दुकानें हैं। हर समय लोगों का आवागमन बना रहता है।

आश्चर्य इस बात का है कि इतने दिनों तक न तो किसी ने दुर्गंध महसूस की और न ही किसी की नजर नर कंकाल पर पड़ी।

# सुंदरकांड सेवादल के संस्थापक संदीप अग्रवाल का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुंदरकांड सेवादल के संस्थापक संदीप अग्रवाल का चंडीगढ़ में उपचार के दौरान निधन हो जाने का समाचार पाकर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। लगभग **55** वर्षीय दिवंगत संदीप अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर मंडल महामंत्री सोनिका अग्रवाल के पति थे।

चंडीगढ़ में उपचार के दौरान उनका निधन हो जाने के बाद उनकी पार्थिव देह को धामपुर में माता चंपा देवी मंदिर के निकट आवास पर लाया गया तो बड़ी संख्या में नागरिकों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, हिंदू युवा वाहिनी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह, जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, अनीता चौहान, मिथलेश देवी, अरुण अग्रवाल, सुनील कुमार, मनोज रस्तोगी, बृजमो. हन मित्तल, लाजपत राय अग्रवाल उर्फ मुखिया, महेंद्र सलूजा आदि अंतिम यात्रा में शमिल रहे।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अमृतसर से कोलकाता जा रही दुर्गियाना एक्सप्रेस के आगे कूदकर एक युवक ने मौत को गले लगा लिया।

थाना क्षेत्र अफजलगढ़ के ग्राम टांडा हिदायतपुर निवासी सचिन (32 वर्ष) पुत्र जगदीश ने दोपहर लगभग दो बजे नगीने से गुजर रही अमृतसर हावड़ा दुर्गियाना एक्सप्रेस के आगे कूदकर अपनी जान गवां दी। मृतक को पोलियो था। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी ट्रेन के ड्राइवर द्वारा स्टेशन मास्टर को दी गई। सूचना मिलते ही जीआरपी और सिविल पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस द्वारा मृतक के हाथ पर लिखे मोबाइल नंबर पर परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन रोते-बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मृतक को बुखार आ रहा था। जिसकी दवाई लेने के लिए वह बिजनौर जाने के लिए निकला था। ट्रेन से टकराने से सचिन का सिर व चेहरा क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक सचिन ने सलेटी कलर की पैंट और आसमानी रंग की टीशर्ट पहनी हुई थी और उसके पास से केवल एक ताबीज और आधार कार्ड मिला है। घटना के कारण ट्रेन लगभग 35 मिनट देरी से चली।

# आतंकी हमले पर कांग्रेस ने जताया आक्रोश

## सीओ को सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बुधवार की रात एक बैठक की और बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी को दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों की घृणित और हिंसक कार्रवाई में पर्यटकों के मारे जाने और घायल होने पर कांग्रेस ने तीव्र आक्रोश जताया है। कांग्रेस ने घटना को बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली घटना बताया। कहा कि देश और मानवता के दुश्मनों की हिंसक कार्रवाई निंदनीय है। बुधवार की रात नौ बजे नगर के कांग्रेसजनों की आत्मिक व आवश्यक बैठक राकेश मिश्रा एड. वरिष्ठ कांग्रेसी, मनोज कुमार शर्मा पूर्व महासचिव नगर कांग्रेस कमेटी के संचालन में काजी अरशद मसूद पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ब्लाक कोतवाली जिला बिजनौर एवं चेयरमैन गन्ना समिति नगीना के मौहल्ला काजी सराय स्थित निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। जिसमें कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक हत्या किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घटना के खिलाफ आक्रोश जताया। घटना में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख कर शांति पाठ किया गया। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई।

बैठक में देश के वर्तमान स्थिति पर चिंतन करते हुए वर्तमान सरकार की जिम्मेदारी पर वार्ता की गई। पहलगांव कशमीर में आतंकवादियों द्वारा की गई घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना व उसको सांप्रदायिक रूप देने वालों की निंदा की गई। इस मौके पर महामहिम राष्ट्रपति से तमाम लापरवाह मन्त्रियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई। बृहस्पतिवार को इस संबंध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी को दिया।

इस मौके पर एड. राकेश मिश्रा, शेख मौहम्मद अंजार, मनोज शर्मा, अब्दुल वाहिद अंसारी, हिस्ट्री ऑफ अहमद उर्फ बाबू भाई लाठी वाले, रईस अहमद राज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

## एकजुट भारत

केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले से किस तरह निपटा जाए। इस पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद तमाम नेताओं ने एक स्वर में राजनीति को परे रखते हुए देश हित में सरकार जो भी कदम उठाएगी। उसके साथ रहने की बात कही है। यह बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक के बादकांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने घटना की निंदा की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यह कहते नजर आए कि सरकार के किसी भी एक्शन का समर्थन करेंगे। इस बैठक में अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रामगोपाल यादव, सुप्रीया सुले, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मिथुन रेड्डी आदि विपक्ष के नेता थे। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का नजारा था उससे साफ है भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा एक-दूसरे से कितनी भी अलग हो लेकिन जब देश के ऊपर किसी संकट की बात आती है तो फिर आपसी राजनीतिक अदावत का कोई मतलब नहीं रह जाता। निश्चित रूप से इस समय दक्षिण एशिया के दो देशों में भारत व पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है जोकि स्वभाविक भी है कोई भी संप्रभुता सम्पन देश यह किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं कर सकता कि उसके निर्दोष निहत्ते नागरिकों को इस तरह मार दिया जाए जिस तरह पुलवामा में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 28 भारतीयों की जान ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक कह चुके है कि निर्दोष भारतीयों की मौतों को ऐसे जाने नहीं दिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे तो उनके अंजाम तक पहुंचाया ही जाएगा। साथ ही उन लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाएगा जो इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहे है। भारत ने जिस तरह के अब तक कदम उठाए है वह बेहद महत्वपूर्ण है और बिलकुल उपयुक्त है। भारत में पाकिस्तान के तमाम नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने के लिए कहा है अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से तमाम व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए है इसके साथ-साथ भारत में सैन्य विकल्प भी खुला छोड़ा है। जाहिर है भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान में खलबली है। वहां की सेना भी अलर्ट पर है। पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए ठीक ऐसे ही कदम उठाए है, लेकिन यह कदम पलटवार कम उसके डर जाने का अधिक संकेत दे रहे है। जाहिर है पाक अंदर से घबराया हुआ है। उसे भय है कि जिस तरह भारत के नेता कड़ा रुख दिखा रहे है। उससे वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा भी है कि भारत इस तरह की कार्रवाई करेगा जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल होगी। इस समय भारत एकजुट है ही साथ ही जिस तरह उसे विश्व समुदाय का समर्थन मिल रहा है उससे भी पता चलता है कि भारत के स्टैंड को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## आतंकियों व उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी, पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, बहन-बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# सवाल करती हुई कलम की मौत





**पवन सिंह**

स मय को थोड़ा सा पीछे सरकाते हैं और 1980-90 के दशक पर ठहरते हैं। उस दौर की पत्रकारिता में गजब की ठसक और सवालों से भरे इतने तरकश होते थे कि बड़े से बड़ा सियासतदां भी पनाह मांग जाता था। अब पत्रकारिता से चाटुकारिता के इस लिज. लिजे दौर में न वो तेवर हैं, न हिम्मत है, न धार है और सवाल तो है ही नहीं। मौजूदा पत्रकारिता का यह सबसे छिछला और सड़ांध भरा व बदबूदार दौर है। जहां लाइट-कैमरा-एक्शन पर मेकअप आर्टिस्ट द्वारा पुते पूर्व निर्देशित कठपुतलियां हैं, जो अब सवाल नहीं करती हैं। एक वक्त था तब भी आंतकवादी घटनाएं और दंगे होते थे और अगली सुबह का अखबार जब हाथों में होता था तो फर्स्ट लीड भले ही दंगों/आतंकी घटनाओं पर हो लेकिन उस समय ऐसे लोगों को भी भरपूर जगह मिलती थी जो लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा देते थे।

खबरें बैलेंस थीं। पैनिक क्रियेट नहीं करती थीं। हम लोगों से कहा जाता था कि पाज़िटिव न्यूज भी खोजो। दंगों/आंतकवादी घटनाओं के साथ लोगों के सामाजिक-धार्मिक सरोकारों से जुड़ी ख़बरें तपिश को कम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है। नोएडा मीडिया 'बदबूदार पत्रकारिता' का झंडा-डंडा लेकर ग्राउंड जीरो से लेकर अपने दड़बे यानी स्टूडियो तक केवल 'सड़ांध चर्चा' करता रहा। कहां गए वो सवाल जो सत्ता की आंख में आंख डाल कर पूछे जाने चाहिए थे? वो लोग क्यों एक सिरे से खारिज कर दिए गए जो अपने टट्टुओं की पीठ पर या अपनी पीठ पर लाद कर लोगों की जान बचा रहे थे? काश्मीर की टैक्सी एसोसिएशन के वह सैकड़ों लोग जिन्होंने तय किया कि वे बिना पैसा लिए पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे, ये सब 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' की खबरों से गायब क्यों? उन सैकड़ों काश्मीरियों को क्यों नहीं दिखाया गया जो अस्पतालों में खून देने के लिए लाइन लगाए हुए थे? क्या ये खबर का हिस्सा नहीं थे? किसके कहने से खबरों से ये पक्ष 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' चबा गया? कौन था वो शख्स जो नहीं चाहता था कि ये सब भी खबरों का हिस्सा बने? लेफ्टीनेंट नरवाने कि बहन रो-रोकर कह रही है कि डेढ़ घंटे तक घटना स्थल पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा यह वीडियो खबरों से क्यों गायब रहा? इस बार भी कुंभ की तरह जन पत्रकारिता हुई, और लोगों ने अपने-अपने मोबाइल निकाले। वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। ऐसे वीडियो जब तक एक के बाद एक, आना शुरू हुए तब तक चंपूछाप रिमोट कंट्रोल मीडिया पूरे देश में, खासकर गोबरपट्टी में अपने एजेंडा का सीवेज फैला चुका था। 30-32 सालों के इतिहास में पहली बार पूरा काश्मीर बंद रहा। पहली बार लोग आंतकवाद के खिलाफ सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले। यह एहसास अगर उनको मूल धारा से जोड़ती है तो इसे खबरों में जगह क्यों नहीं दी गई? क्या ये खबर, खबर का हिस्सा नहीं थी? अब सवाल ये बनते हैं कि क्या खुफिया एजेंसियों के हमले के इनपुट्स थे, तो इसकी जवाबदेही किसकी बनती है? जब सरकार को पता है कि 'टयूरिज्म का सीजन' आरंभ हो चुका है और पहलगाम तक यात्री जाते हैं तो इतनी बड़ी चूक हुई तो हुई कैसे? सबसे चौंकाने वाली बात यह है की खुफ़िया एजेंसियों को इस तरह के हमलों की संभावनाओं के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। अप्रैल, 2025 की शुरुआत में ही खुफिया सूत्रों ने चेता. वनी दी थी की आतंकी संगठन पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इनपुट्स में यहां तक इंगित किया गया था की आतंकियों ने रेकी कर ली है और कोई बड़ा हमला हो सकता है। विगत 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की इसके बाद विगत 6 अप्रैल, 2025 को अमित शाह श्रीनगर में इंटीग्रेटेड कमान की बैठक की अध्यक्षता करते हैं। इसके बावजूद 21 अप्रैल, 2025 को आंतकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देकर निकल जाते हैं और इसके बाद जब भारतीय मीडिया की देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी वो सुलगती आग को पेट्रोल से सींच रहा था।

> **21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है**

घटना को आधे घंटे के भीतर ही भारतीय मीडिया ने एक बड़ी वारदात को हिन्दू-मुस्लिम का रंग दे दिया। ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके पोस्टर जारी हो गए? लेकिन यह सवाल छिपा लिया गया कि चंद रोज पहले ही संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' में काश्मीर को लेकर क्या टिप्पणी की गई थी? प्रधानमंत्री का दौरा रद्द हो जाना। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे तो कहा गया कि मौसम खराब होने की सूचना के कारण ऐसा किया गया। आज भी पुलवामा का सच सामने नहीं आया? ये सवाल आज भी वहीं खड़े हैं कि लंबी छुट्टी से डयूटी पर लौट रहे निहत्थे सीआरपीएफ के जवानों को 'एअर लिफ्ट' क्यों नहीं किया गया? जब यह प्रोटोकॉल है कि अगर कानवाय (सेना का काफिला) चलेगा तो सिविलियन ट्राफ़िक बंद रहेगा, क्यों ऐसा नहीं हुआ? भारी-भरकम आरडीएक्स लेकर कार में आतंकी आराम से घूमते रहे? देवेन्द्र सिंह क्यों छोड़ा गया? उसकी कार में कौन लोग थे? सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी अभय प्रताप सिंह का वह खत (पुलवामा हमले से पहले का) आखिर अचानक कहां गायब हो गया।

किसी दल के आईटी सेल के प्रवाह में बह जाना सबसे आसान बहाव है, लेकिन पाकिस्तानी आर्मी चीफ के दो दिन पूर्व के एक धमकी भरे बयान के बाद यह घटना हुई, लेकिन मीडिया ने यह सब कुछ क्यों दबा दिया। यह खबर 'सीवरेज बहस' का हिस्सा क्यों नहीं बनी? जब-जब कोई अमेरिकी राजनयिक भारत आता है अक्सर इस तरह की आतंकी घटनाएं होती हैं? फिर भी सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान ने बलोच की ट्रेन किडनैपिंग का बदला लिया है? क्योंकि इस घटना पर हमारे बहादुर आईटी सेल ने अपनी मूर्खतापूर्ण बहादुरी दिखाई थी, और इस घटना को 'गंध तरीके से' भारत के दो नेताओं के 'सिर का ताज' बनाया था कि 'वो हैं' तो मुमकिन है? अगर ट्रेन के कब्जे पर कुछ किया भी गया था तो इस तरह की घटना का श्रेय कौन सा बेवकूफ देश लेता है? अगर किया भी था तो चिल्लाने की जरूरत क्या थी। ये सवाल भी बनता है कि सेना में दो लाख से अधिक जवानों की कमी क्यों।

बहुत से प्वाइंट है जिस पर मीडिया को बात करनी थी लेकिन बात और विषय घुमा दिए गए। नोट बंदी के बाद आतंकवाद की कमर ही टूट गई थी, का झंडा लहराने वालों से यह सवाल क्यों नहीं कि फिर भी लगातार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या चैनलों और अखबारों को यह टैग लाइन/पंच लाइन दी गई थी कि 'नाम पूछ कर मारा' यही 'फ्रेम' रहेगा और क्या यह सवाल मना थे कि सुरक्षा में चूक कहां और क्यों हुई? मीडिया टैग लाइन/पंचलाइन ओढ़ कर वो सारे सवाल चबा गया जो हमारे-आपके सवाल थे? क्या अगली किसी दुखद घटना के इंतजार में क्योंकि टैग लाइन/पंचलाइन के चक्कर में मीडिया फिर से मूल विषय खा गया।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# सिंधु जल संधि टूटने का खामियाजा...



**अक्षत सरोत्री**

> **कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था, दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, संधि के अनुसार भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है**

पा किस्तान प्यास से (**Indus Water**) मर जाएगा। इस गर्मी में पाकिस्तान को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। 'पाकिस्तान को अकेला छोड़ दिया जाएगा-जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला किया, तो इस पर ढेरों पोस्ट लिखे गए कि इसका पाकिस्तान पर क्या असर होगा। हालांकि लंबे समय में पाकिस्तान के लिए इसके बहुत बड़े परिणाम होंगे, लेकिन अभी यह मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है।



### सिंधु जल संधि को समझिए

कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था। दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। संधि के अनुसार, भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है।

वहीं, पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। अब, पाकिस्तान, जो कि निचले तटवर्ती देश है, क्योंकि नदियां नीचे की ओर बहती हैं, नुकसान में है। ऊपरी तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां नदी का उद्गम होता है और निचला तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां यह समाप्त होती है। इस प्रकार, चूंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियां पाकिस्तान से नहीं निकलती हैं, इसलिए देश इस संधि पर बहुत अधिक निर्भर है, क्योंकि उसे इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में, पंजाब प्रांत देश के 85 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। इसके अलावा, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण, कृषि क्षेत्र पाकिस्तान के खजाने में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है तथा इसकी 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की आय का एकमात्र स्रोत है।

पाकिस्तान पहले से ही भूजल की कमी का सामना कर रहा है और कराची जैसे शहर निजी जल टैंकरों पर निर्भर हैं, सिंधु नदियों से जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा से फसल की पैदावार प्रभावित होगी, जिससे खाद्यान्न की कमी और आर्थिक अस्थिरता की संभावना पैदा होगी।

### पाक पर इसका असर तुरंत क्यों नहीं पड़ेगा?

हालांकि, इसका प्रभाव तुरंत महसूस नहीं किया जाएगा, क्योंकि संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले का मतलब यह नहीं है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पानी तुरंत बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के पास अभी सिंधु नदी से पाकिस्तान में पानी के बहाव को रोकने या उसे अपने इस्तेमाल के लिए मोड़ने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। भारत ज़्यादा से ज्यादा पानी के बहाव को 5-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

संधि भारत को सिंधु, झेलम और चेनाब पर जलाशय बांध बनाने से रोकती है। हालांकि, भारत जलविद्युत 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विक. सित कर सकता है। इसका मतलब है कि परियोजनाएं पानी के प्रवाह को बदल नहीं सकती हैं या इसे बाधित नहीं कर सकती हैं। संधि को निलंबित करने का मतलब है कि भारत इन प्रतिबंधों का पालन नहीं कर सकता है, और जल प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय बांधों का निर्माण शुरू कर सकता है। हालांकि, इन नदियों पर बड़े जलाशयों का निर्माण करने में कई साल या एक दशक लग सकते हैं। पारिस्थितिकी प्रभाव को देखते हुए इस तरह की चीज को सफल बनाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और धन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, इस समय, भारत का कदम पाकिस्तान पर आतंकी समूहों पर लगाम लगाने और घुसपैठ को रो. कने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने स्थिति को पूरी तरह से अभिव्यक्त किया। यह कल पानी बंद करने के बारे में नहीं है। नल अभी भी खुला है। लेकिन इसके पीछे का संयम हटा दिया गया है कि उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया।

# हंगामा है क्यों बरपा?



**रजनीश कपूर**



> **हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है**

भा रत के संविधान में न्यायपालिका और विधायिका को विशेष अधिकार और शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो उनके बीच संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के ज़रूरी हैं। ये दोनों संस्थाएं संविधान के तहत अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र और समान रूप से कार्य करती हैं, लेकिन साथ ही एक-दूसरे की शक्तियों पर भी नियंत्रण रखती हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है। दुबे ने न्यायपालिका पर 'अराजकता' और 'धार्मिक युद्ध' भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से आगे बढ़ रहा है, जिससे संसद और विधानसभाओं की भूमिका गौण हो गई है। दुबे की इन टिप्पणियों पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अवमानना की कार्यवाही की मांग की है।

वहीं भाजपा ने खुद को इन टिप्पणियों से दूर कर लिया है। विपक्षी दलों की नज़र में मौजूदा विवाद एक सोची-समझी रणनीति के तहत जनता का ध्यान वक्फ़ विधेयक से उत्पन्न असहज परिस्थिति से भटकाने के लिए किया गया है। इस विवाद ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन, संविधान में उनके अधिकारों और सीमाओं पर पुरानी बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है।

भारतीय न्यायपालिका एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर है, उसके नीचे उच्च न्यायालय और फिर जिला एवं सत्र न्यायालय आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संविधान का संरक्षक है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का 'गारंटर' भी है। सर्वोच्च न्यायालय के पास मूल अधिकार क्षेत्र होता है, जिसमें वह केंद्र और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है। इसके अलावा, यह अपीलीय और सलाहकार अधिकार भी रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। यह संविधान के सर्वोच्च कानून के रूप में पालन को सुनिश्चित करता है। यदि कार्यपालिका व विधायिका संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उनके कार्यों को असंवैधानिक घोषित भी कर सकता है। न्यायपालिका विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करती है और अनुच्छेद 13 के तहत असंवैधानिक पाए गए कानूनों को अमान्य भी कर सकती है। यह विधायिका की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण नियंत्रण है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, लेकिन यह 'कॉलेजियम' प्रणाली के माध्यम से होती है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, न्यायाधीशों पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटाने का प्रावधान भी है, जिससे न्यायपालिका की जवाबदेही बनी रहती है। अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश जारी कर सकता है, जिससे उसे कुछ कार्यकारी कार्यों को संचालित करने की अनुम. ति मिलती है, खासकर जब कार्यपालिका विफल होती है। वहीं विधायिका का मुख्य कार्य कानून बनाना है। यह संसद (लोकसभा और राज्यसभा) और राज्य विधानसभाओं के रूप में कार्य करती है। विधायिका के पास कानून बनाने, संशोधित करने और रद्द करने का अधिकार है। यदि न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर देती है, तो विधायिका उस कानून को संविधान के अनुरूप संशोधित कर पुन: वैध बना सकती है। विधायिका के सदस्यों को भाषण और मतदान की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत प्राप्त है, जो उन्हें न्यायालयों के हस्तक्षेप से बचाता है। विधायिका के पास राष्ट्रपति या न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग चलाने का अधिक. ार भी है, जो संवैधानिक उल्लंघनों के लिए एक नियंत्रण तंत्र है। विधायिका कार्यपालिका को सलाह देती है और उसके कार्यों की निगरानी करती है। कार्यपालिका के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार होता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में विधायिका को दरकिनार किया जा सकता है। भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से शक्ति विभाजन का उल्लेख नहीं है, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाए गए हैं। अनुच्छेद 121 और 211 विधायिका को न्यायाधीशों के आचरण पर चर्चा करने से रोकते हैं, और अनुच्छेद 122 और 212 न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही पर निर्णय लेने से रोकते हैं। इससे दोनों के बीच संतुलन बना रहता है। यदि विधायिका संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है, तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर सकती है, जैसा कि 'केशवानंद भारती' मामले में स्थापित किया गया था। इस प्रकार न्यायपालिका संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ कार्य करना चाहिए और एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह संतुलन लो. कतंत्र के स्वस्थ संचालन के लिए आवश्यक है। सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणियां न्यायपालिका की भूमिका और शक्तियों को चुनौती देने वाली हैं जो भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन और 'चेक्स एंड बैलेंस' की व्यवस्था पर ग़लत असर डालती हैं। यह सही है कि न्यायपालिका का कार्य केवल कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा करना है, न कि विधायिका की भूमिका का अतिक्रमण करना। पर मौजूदा विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह कोई अतिक्रमण नहीं किया है। किसी भी नए क़ानून की व्याख्या करना और उसकी संवैधानिक स्वीकारिता को परखना अदालत का दायित्व है, जो उसने वक्फ़ क़ानून के मामले में या पहले भी अनेक बार किया है। इसलिए निशिकांत दुबे के बयान ने एक संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया है।

# बूढ़ी स्किन को जवां बनाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मेथीदाना

ह र भारतीय किचन में तमाम तरह के मसाले मिल जाते हैं। खाना बनाने के दौरान मेथीदाने का भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मेथीदाना का इस्तेमाल सिर्फ खाने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां आदि नजर आती हैं। ऐसे में आज मेथीदाने को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। दरअसल, मेथीदाना में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और स्किन टाइटनिंग गुण पाए जाते हैं। यह आपकी त्वचा को यूथफुल, स्मूथ और ब्राइटन बनाए रखने में मदद करता है। मेथीदाना के इस्तेमाल से झुर्रियों से लेकर फाइन लाइन्स तक को कम करने में सहायता मिलती है। मेथीदाना को आप स्किन केयर के तौर पर कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सामग्री...

एक कप पानी
मुट्ठी भर मेथीदाना

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में मुट्ठी भर मेथी के बीजों को करीब 10 मिनट तक उबालें।

फिर जब यह ठंडा हो जाए तो छान लें।

इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।

इसमें कॉटन पैड भिगोएं और हर रास इससे अपना चेहरा पोंछें।

### सामग्री...

मेथी पाउडर- 1 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### ऐसे करें उपयोग

इसके लिए मेथी पाउडर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।

अब रात में सोने से पहले स्किन को साथ करें और इसकी हल्की लेयर लगाएं।

रात भर इसको लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।

मेथीदाना और गुलाब जल से बनाएं फेस मिस्ट

बता दें कि यह फेस मिस्ट न सिर्फ स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखता है। बल्कि स्किन को टाइटन भी करता है।

CMYK





# MANY EDUCATIONAL INSTITUTIONS OF NAINITAL IN THE TOP 10 SCHOOLS IN THE COUNTRY



## वैश्विक स्तर की शिक्षा दे रहा नैनीताल

समय के साथ शैक्षणिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों (स्कूलों) की बात की जाय तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखते हैं।

इसका उदाहरण आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त हो और विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में सामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है, देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हों। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से सम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन–सहन उच्च कोटि का है, जबकि शैक्षणिक वातावरण दुनिया के सीमित क्षेत्रों में अपनी जगह बनाता है। यही वजह है, दुनिया के अनेक देशों के विद्यार्थी स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। इस नगर से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में दौलत व शौहरत हासिल करने वाले सख्शियतों की लंबी फेहरिश्त है, जिनका जिक्र इस आलेख में संभव नही है। सिने जगत में विख्यात दर्जनों नामी अभिनेताओं ने नैनीताल से शिक्षा हासिल की है, जबकि सेना के तीनों अंगों में सेवा देने वाले अधिकारियों के दर्जनों विख्यात नाम हैं। आईएएस व पीसीएस अधिकारियों में अपना नाम सुमार करने वालों की बड़ी संख्या है।

राजनैतिक , सामाजिक व व्यापार समेत कई अन्य वर्गों में नाम कमाने वाले अनेकों व्यक्तित्व इसी नगर की देन हैं। यही वजह है कि इस नगर को गुरुकुल के नाम से जोड़ा जाता है।

### नगर व प्रमुख शिक्षण संस्थान

शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंटस कॉलेज, सेंट मेरी कॉलेज, सेंट जोजफ कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लौंगव्यु पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉन बास्को गर्ल्स व बॉयस पब्लिक स्कूल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, नैंसी कान्वेंट, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, पाइन क्रस्ट एलिमेंटरी स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, रामा मोंटेसरी, एकोर्न पब्लिक स्कूल, वसंत वैली पब्लिक स्कूल, मदर्स हार्ट, अमेरिकन किड्स, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चेतराम साह ठुलघरिया, राजकीय इंटर कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व एसडेल कॉलेज के नाम शामिल हैं।

**अफजल हुसैन फौजी**

### एकोर्न स्कूल बना नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।


Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26
The best school in the town with loving and caring atmosphere



Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com



MOHAN LAL SAH BAL VIDYA MANDIR
SR. SECONDARY SCHOOL (Affiliated to CBSE) Delhi
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities for Girls



Admission Open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards (Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
Peter's Field, Mallital, Nainital
Phone No. 05942-236189
STRIVE FOR EXCELLENCE
ADMISSION OPEN 2025-26



PRINCIPAL

MANAGER




### प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।


THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School

- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.

Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com


### छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

### छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।


BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207

Key Features:

- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.

Distinguished Knowledge Affiliates


### देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर




देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।






### शेरवुड कालेज की देश में अलग पहचान






शेरवुड कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नाम देश के नामचिन विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व रहने तथा अन्य समस्त सुविधायें विद्यालय में मौजूद है।

पठन–पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास रहेगा।


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12



Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


### नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।


SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co-Education School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
From 1 to 9 & 11 And KINDERGARTEN





Gaurav Sanwal
Managing Director
A. Emmanuel
Principal
Offered Streams For Class 11&12: • Science • Commerce
Contact Us: E-mail: sanwal_school@rediffmail.com, Ph.No.: 05942-235747 Mob.: 7579207575
Address: MALLITAL, NAINITAL-263001 UTTARAKHAND


CMYK